RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

पेज 7 जाह्नवी कपूर ने फैशन गेम में...

वर्ष : 26 | अंक : 52 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 12 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

यमुना एक्सप्रेस-वे पर पांच लोग जिंदा जले

डबल डेकर बस में घुसी कार

कार और बस में लगी भीषण आग

मथुरा (एजेंसी)। यमुना एक्सप्रेसवे पर आज सुबह भीषण हादसा हो गया है। मथुरा के थाना महावन इलाके में यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक डबल डेकर स्लीपर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, तभी पीछे आ रही स्विफ्ट डिजायर कार बस से भिड़ गई। जिसके चलते दोनों वाहनों में आग लग गई। इस घटना में कार सवार पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में मारे गये लोगों की पहचान नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक, आगरा की ओर से नोएडा जा रही प्राइवेट बस डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित हो गई और सड़क पर तिरछी हो गई। इसी बीच पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार उसमे जा भिड़ी। टक्कर के साथ ही बस के डीजल टैंक में आग लग गई। इस आग की चपेट में कार भी आ गई। कार सवार पांच लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। (शेष पृष्ठ-4 पर)

किसानों को रोकने के लिए 'किलेबंदी'

दिल्ली से सटे बार्डरों पर बेरिकेटिंग

नई दिल्ली/नोएडा/गाजियाबाद (एजेंसी)। किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिए देश की राजधानी दिल्ली की पूरी तरह से किलेबंदी कर दी गयी है। दिल्ली के लगभग सभी जिलों में पुलिस अपने जवानों को मॉक ड्रिल करवा रही है। दिल्ली पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी आज भी बैठकें करते रहे। अप्सरा, भोपरा, गाजीपुर, चिल्ला के अलावा बदरपुर बॉर्डर पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल सिंघु और टिकरी बॉर्डर को सील कर दिया गया है। वहां पर बगैर जांच के किसी भी वाहन को सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि 13 फरवरी को दोनों ही बॉर्डर को बैरिकेडिंग कर (शेष पृष्ठ-4 पर)

पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर यातायात बाधित होने की स्थिति में चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को डेराबस्सी, बरवाला/रामगढ़, साहा, शाहबाद, कुरूक्षेत्र के रास्ते अथवा पंचकूला, एनएच-344 यमुनानगर इंद्री/पिपली, करनाल होते हुए दिल्ली जाने की सलाह दी गई है. इसी प्रकार, दिल्ली से चंडीगढ़ जाने वाले यात्री करनाल, इंद्री/पिपली, यमुनानगर, पंचकूला होते हुए अथवा कुरूक्षेत्र, शाहबाद, साहा, बरवाला, रामगढ़ होते हुए अपने गन्तव्य पर पहुंच सकते हैं।

फॉर्च्यूनर कार, 10 सोने की अगूंठी और 11 लाख कैश दें, तब लायेंगे बारात

लड़की के भाई की शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दहेज के लालच में कुछ लोग तमाम हदें पार कर लड़की वालों से मुंह खोलकर दहेज मांग रहे हैं। दहेज लोभी दहेज की मांग पूरी न होने पर अच्छा खासा रिश्ता भी तोड़ देने से गुरेज नहीं करते हैं। ऐसा ही एक मामला ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सामने आया है। दहेज की मांग पूरी न होने पर वर पक्ष निर्धारित तिथि पर बारात लेकर नहीं आया। पीड़िता के पिता ने थाना सूरजपुर में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के डेल्टा-1 सेक्टर निवासी रमेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी बहन की शादी गुड़गांव जनपद के गांव भोरा कला निवासी हेमंत चौहान के साथ तय की थी। रिश्ता तय करते समय हेमंत और उसके परिवार ने कहा कि वह शादी में कोई दहेज नहीं लेंगे। 22 अक्टूबर 2022 (शेष पृष्ठ-4 पर)

सरकारी कर्मचारी ने 12वीं मंजिल से छलांग लगाकर दी जान

इंजीनियर की पत्नी ने की आत्महत्या

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसायटी की 12वीं मंजिल से आज तड़के एक व्यक्ति ने छलांग लगाकर दी। ऊंचाई से जमीन पर गिरने के कारण उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पत्नी ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

पंचशील सोसायटी में गौरव भट्टाचार्य (58 वर्षीय) अपनी पत्नी के साथ रह रहे थे। वह एक सरकारी विभाग में कार्यरत थे और पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। आज तड़के करीब 3 बजे उनकी पत्नी की आंख खुली तो उन्हें गौरव भट्टाचार्य कमरे में नहीं दिखाई दिए। कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। उन्होंने देखा तो बालकनी का दरवाजा खुला हुआ था। बालकोनी से नीचे झांकने पर उन्हें गौतम भट्टाचार्य जमीन पर पड़े हुए दिखाई दिए। वह पड़ोसियों की मदद से उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना 113 पुलिस ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

सिरफिरे आशिक ने पेट्रोल डालकर फूंक दी कार

नोएडा (चेतना मंच)। युवती द्वारा मिलने से मना करने पर एक सिरफिरे आशिक ने उसके घर के बाहर खड़ी वेगनआर कार को पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। सिरफिरे की हरकतों से परेशान युवती ने उसके खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी मंजू (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह सेक्टर-137 में किराए पर रहती है और वहीं नौकरी करती है। उसके गांव का ही युवक अंकित पुत्र सुनील उस पर पिछले काफी समय से दोस्ती करने का दबाव डाल रहा था। उसके इनकार करने पर वह उसे आए दिन परेशान करता था। अंकित सेक्टर-137 आकर भी उसे परेशान करता है। बीती 8 फरवरी को अंकित ने मैसेज का जवाब न देने पर उसे गाली-गलौज के मैसेज किया और मिलने के लिए दबाव बनाया। उसके द्वारा इनकार करने पर अंकित ने उसे जान से मारने की धमकी दी। मंजू के मुताबिक 8 फरवरी की रात्रि को अंकित ने उसके घर के बाहर खड़ी वेगनआर कार पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इस दौरान उसके भाई ने देखा कि अंकित कार में आग लगाकर भाग रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

नोएडा गोल्फ कोर्स के सीईओ से मारपीट

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-38 स्थित नोएडा गोल्फ कोर्स (एनजीसी) के सीईओ के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। सीईओ ने एनजीसी के एक सदस्य के खिलाफ थाना सेक्टर-39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एनजीसी के सीईओ स्टीफन मैनेजेर ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह प्रवर्तन प्रबंधन बोर्ड के सदस्य योगेन जेठी और स्टाफ के साथ विभागीय कार्यों पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान सदस्य गाजियाबाद निवासी राहुल नेहरा ने बैठक में बाधा डालते हुए कुत्तों का मुद्दा उठाया। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्दी इस समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान राहुल लगातार इस मामले पर जोर देते रहे कि उनके सुझाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

रोडरेज में कार चालक को पीटा

नोएडा (चेतना मंच)। रोडरेज की घटना में कुछ लोगों ने एक कार चालक के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित के मोबाइल फोन से अपने खाते में पेटीएम से पैसे ट्रांसफर करने की भी कोशिश की। पीड़ित ने थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-107 प्रतीक एडिफिक सोसाइटी निवासी अंकित द्विवेदी ने बताया कि वह 10 फरवरी की रात्रि को अपने ऑफिस से घर वापस लौट रहा था। सेक्टर-104 की लालबत्ती के पास वेगनआर कार चालक ने उनके कार में पीछे से (शेष पृष्ठ-4 पर)

साइकिल चोर को धुना

नोएडा (चेतना मंच)। अगापुर गांव में साइकिल चोरी कर भाग रहे एक चोर को लोगों ने मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए चोर की पिटाई करने के बाद लोगों ने उसे थाना सेक्टर-49 पुलिस के हवाले कर दिया। ग्राम सलारपुर निवासी दलबीर सिंह ने बताया कि उसके गांव में ही राशन की दुकान है। 11 फरवरी को वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इस दौरान एक युवक उनकी रेंजर साइकिल को लेकर भागने लगा चोर द्वारा साइकिल ले जाते हुए देखकर उन्होंने शोर मचा दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

हज यात्रा पर भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

नोएडा (चेतना मंच)। हज यात्रा पर भेजने के नाम पर ट्रैवल एजेंसी के संचालक ने एक व्यक्ति से 5 लाख रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर एजेंसी संचालक ने पीड़ित को अपने रसूख का हवाला देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर 128 स्थित जेपी विश टाउन सोसाइटी में रहने वाले मोहम्मद इकबाल ने बताया कि उन्होंने परिवार के लोगों को हज यात्रा करने के लिए दरियागंज दिल्ली के शाहजमाल प्रोपराइटर आफ अलखादम ट्रैवल्स के मालिक शाह जमाल से संपर्क किया। उन्होंने परिजनों को हज यात्रा पर भेजने के लिए उनसे साढ़े छह लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। तय तिथि के बाद भी जब उन्हें हज यात्रा के लिए नहीं भेजा गया तो उन्होंने शाहजमल से फोन पर बात की। लेकिन उसने कोई उचित जवाब नहीं दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

क्रिकेट की बॉल लगने पर हुआ बवाल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गेंद लगने का विरोध करने पर दबंगों ने एक महिला के घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट की। महिला को बचाने आए पति के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। पीड़िता ने थाना रबूपुरा में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम म्याना निवासी पिंकी ने बताया कि वह बीते 6 फरवरी को अपने घर में बर्तन साफ कर रही थी। इस दौरान घर के बाहर क्रिकेट खेल रहे युवकों की गेंद उसे आकर लगी। उसने जब इस बात पर क्रिकेट खेल रहे युवकों को डांटा तो वह अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर हरिओम लाल उर्फ जितेंद्र, कुलदीप व मोहित जबरन उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। शोर-शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए जिन्होंने उसे आरोपियों के चंगुल से बचाया। पीड़िता के मुताबिक इस दौरान उसका पति बाहर से आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

भाजपा के विस. प्रभारी घोषित, राकेश शर्मा को गाजियाबाद का जिम्मा

नोएडा विधानसभा की प्रभारी बनी श्रीमती मीनाक्षी भराला

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी क्षेत्र द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर विधानसभा प्रभारी एवं संयोजकों के नामों की घोषणा की गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश शर्मा को गाजियाबाद विधानसभा के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नोएडा के गेझा गांव निवासी एवं भाजपा नोएडा महानगर के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा को गाजियाबाद विधानसभा का प्रभारी घोषित किया गया है। उन्हें गाजियाबाद का प्रभारी बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खासा हर्ष व्याप्त है।

नवनियुक्त विधानसभा प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में वह अपनी पूरी निष्ठा ईमानदारी व मेहनत के साथ पार्टी हित के लिए कार्य करेंगे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

पुलिस की गोली से चेंटा हुआ लंगड़ा

नोएडा (चेतना मंच)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए रास्ते से घूम रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश की थाना फेस-3 पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर बदमाश विदेश पाल उर्फ चेंटा गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश के पास से अवैध असलाह व चोरी की बाइक बरामद हुई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

बिना मंजूरी के खोद डाला बेसमेंट

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त भूमि पर बिना अनुमति के बेसमेंट खोदकर व्यवसायिक निर्माण कार्य किए जाने के आरोप में चार नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

वर्क सर्किल-3 के सहायक प्रबंधक गौरव ने बताया कि ग्राम बिसरख जलालपुर में प्राधिकरण की अधिकृत अर्जित व कब्जा प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओं प्राधिकरण के बिना अनुमति के बेसमेंट खोदकर व्यवसायिक निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पूर्व में कई बार सरकारी भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को स्थल पर जाकर रुकवाया गया और निर्माणकर्ता को बगैर अनुमति के निर्माण न करने की चेतावनी भी दी। इसके बावजूद भी अतिक्रमणकारियों रात दिन धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 फरवरी को सूचना मिलने पर प्राधिकरण की टीम अवैध निर्माण रोकने के लिए स्थल पर पहुंची। इस दौरान अवैध निर्माणकर्ता ने मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की अतिक्रमणकर्ता मनोज नागर, लीलू, रोहित, योगेश आदि ने प्राधिकरण के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ अनावश्यक विवाद कर गाली गलौज की। (शेष पृष्ठ-4 पर)

सहारा सिटी में अवैध कालोनी काटने वाले नपे

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। छपरौला गांव में अवैध कॉलोनी काटकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले कॉलोनीनाइजरों के खिलाफ थाना बादलपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के लेखपाल ने पांच कॉलोनीनाईजरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सर्कल-एक के लेखपाल नरेश बिश्नोई ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छपरौला में सहारा सिटी पर कुछ कॉलोनीनाइजर व बिल्डरों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण की परियोजना विभाग की टीम द्वारा इस अवैध निर्माण को कई बार रोका गया तथा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की गई। इसके बावजूद भी यहां अवैध प्लाटिंग का धंधा बदस्तूर जारी रहा। प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणकर्ता बिल्डरों व कॉलोनीनाइजरों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास अधिनियम 1976 की धारा 10 के तहत नोटिस भी दिए गए नोटिस दिए जाने के बावजूद भी अवैध निर्माण को हटाया नहीं गया। उन्होंने बताया कि बीते 10 फरवरी को थाना बादलपुर पुलिस पीएसी व प्राधिकरण की संयुक्त टीम के साथ यहां ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। उन्होंने सहारा सिटी में कॉलोनी काट रहे अमित सिंह सुरेंद्र सिंह राकेश यादव शुभकरण तथा मनोज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

SARASWATI GLOBAL SCHOOL
SGS NOIDA

CBSE PATTERN SCHOOL IN NOIDA
ADMISSION OPEN 2024-25
8750611103,8285220921,9968227330
https://www.sgsnoida.in
Sector -22,Noida

'भारत-रत्न' सम्मान

दो पूर्व प्रधानमंत्रियों-चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव-तथा विख्यात कृषि-विज्ञानी, 'हरित क्रांति' के प्रणेता एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत-रत्न' से नवाजने की घोषणा की गई है। वाकई वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और भारत के अमूल्य 'रत्न' रहे हैं। देश के निर्माण और विस्तार में उनका अप्रतिम योगदान रहा है। उन्हें विलंब से ही, लेकिन 'भारत-रत्न' देकर देश का राष्ट्रीय सम्मान ही 'अलंकृत' हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 में ही महान समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर और राष्ट्रवाद, कमंडल की राजनीति के पुरोधा लालकृष्ण आडवाणी समेत पांच राष्ट्रीय हस्तियों को यह सम्मान देने की घोषणा की है। कमोबेश 2024 को 'भारत-रत्न वर्ष' घोषित कर देना चाहिए, क्योंकि बीते चार सालों के दौरान किसी भी शख्सियत को 'भारत-रत्न' नहीं आंका गया। बेशक हमें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि यह सरकार का विशेषाधिकार और अपना विश्लेषण है कि किसे 'भारत-रत्न' दिया जाए। तटस्थता और मूल्यांकन की ईमानदारी यही है कि प्रधानमंत्री ने भाजपा-संघ परिवार के शीर्षस्थ नेता आडवाणी के अलावा उन चार महान चेहरों को 'भारत-रत्न' के लिए चुना है, जो उनके राजनीतिक, वैचारिक विरोधी पक्ष के रहे हैं। डॉ. स्वामीनाथन तो गैर-राजनीतिक जमात के हैं। ये तीन 'भारत-रत्न' आज हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि वे प्रासंगिक नहीं हैं। चरण सिंह आज भी 'किसानों के मसीहा' हैं। उन्होंने जमींदारी प्रथा खत्म की, भूमि सुधार किए और किसानों को खेती का अर्थशास्त्र समझाते रहे। देश में आपातकाल के बाद 1977 में जो प्रथम गैर-कांग्रेसी, जनता पार्टी की सरकार बनी, चौधरी उसके रचनाकारों में थे। वह सरकार में गृहमंत्री भी रहे। 1979 में वह तत्कालीन कांग्रेस के समर्थन से देश के प्रधानमंत्री बने। इसे विडंबना या दुर्भाग्य कहें कि कुछ ही दिनों में समर्थन मोहभंग में तबदील हो गया। उसके कई कारण थे, जिन पर कई किताबें लिखी जा चुकी हैं। जमीनी राजनीति का चेहरा चरण सिंह ऐसे प्रधानमंत्री साबित हुए, जो संसद में विश्वास-मत हासिल करने नहीं जा पाए। 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद पीवी नरसिम्हा राव को कांग्रेस की अल्पमत सरकार का प्रधानमंत्री बनाया गया, तो एकबारगी देश चौंक उठा था। बेशक उनका राजनीतिक आयाम बहुरंगी, विस्तृत था, लेकिन वह राजनीति से रिटायरमेंट घोषित कर चुके थे। बहरहाल तब देश के आर्थिक हालात बेहद खस्ता थे। सोना तक गिरवी रखना पड़ा था। विदेशी मुद्रा भंडार मात्र 1 अरब डॉलर का था। खाद्यान्न संकट था। देश में लालफीताशाही और इंस्पेक्टर राज का ही वर्चस्व था। उस दौर में नरसिम्हा राव ने अपने 'विजन' से इतिहास रच दिया। वह आर्थिक सुधारों, उदारीकरण और भारत को बहुराष्ट्रीय बाजार बनाने में कामयाब रहे। उनके वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने प्रधानमंत्री के 'विजन' को मूर्त रूप दिया। नरसिम्हा राव ने ही बुनियादी जमीन तैयार की, जिस पर आज भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विश्व की ऐसी कोई बड़ी, बहुराष्ट्रीय कंपनी नहीं है, जिसका दफ्तर भारत में न हो और भारत उसके देश में मौजूद न हो। तीसरा अमूल्य 'रत्न' एमएस स्वामीनाथन हैं। आज जब भी किसानों का कोई भी मुद्दा उठता है, तो स्वामीनाथन आयोग की रपट लागू करने के आग्रह किए जाते हैं। स्वामीनाथन ने गेहूं, चावल, आलू आदि के क्षेत्र में ऐसे अनुसंधान किए कि आज भारत में खाद्य सुरक्षा की स्थितियां हैं। खाद्यान्न के भंडार भरे हैं, लेकिन आज भी औसत किसान सम्पन्न नहीं है। अलबत्ता भारत कई फसलों का विश्व में 'प्रमुख उत्पादक' देश है। सारांश यह है कि स्वामीनाथन 'हरित क्रांति' के जनक थे।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे हरिवाहन! मैंने सभी कुछ भिन्न-भिन्न और अत्यंत विचित्र देखा। मैं अनगिनत ब्रह्माण्डों में फिरा, पर प्रभु श्री रामचंद्रजी को मैंने दूसरी तरह का नहीं देखा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

सोइ सिसुपन सोइ सोभा सोइ कृपाल रघुबीर।
भुवन भुवन देखत फिरउँ प्रेरित मोह समीर॥

सर्वत्र वही शिशुपन, वही शोभा और वही कृपालु श्री रघुवीर! इस प्रकार मोह रूपी पवन की प्रेरणा से मैं भुवन-भुवन में देखता-फिरता था॥

भ्रमत मोहि ब्रह्मांड अनेका। बीते मनहुँ कल्प सत एका॥
फिरत फिरत निज आश्रम आयउँ। तहँ पुनि रहि कछु काल गवाँयउँ॥

अनेक ब्रह्माण्डों में भटकते मुझे मानो एक सौ कल्प बीत गए। फिरता-फिरता मैं अपने आश्रम में आया और कुछ काल वहाँ रहकर बिताया॥

निज प्रभु जन्म अवध सुनि पायउँ। निर्भर प्रेम हरषि उठि धायउँ॥
देखउँ जन्म महोत्सव जाई। जेहि बिधि प्रथम कहा मैं गाई॥

फिर जब अपने प्रभु का अवधपुरी में जन्म (अवतार) सुन पाया, तब प्रेम से परिपूर्ण होकर मैं हर्षपूर्वक उठ दौड़ा। जाकर मैंने जन्म महोत्सव देखा, जिस प्रकार मैं पहले वर्णन कर चुका हूँ॥

राम उदर देखेउँ जग नाना। देखत बनइ न जाइ बखाना॥
तहँ पुनि देखेउँ राम सुजाना। माया पति कृपाल भगवाना॥

श्री रामचंद्रजी के पेट में मैंने बहुत से जगत देखे, जो देखते ही बनते थे, वर्णन नहीं किए जा सकते। वहाँ फिर मैंने सुजान माया के स्वामी कृपालु भगवान श्री राम को देखा॥

करउँ बिचार बहोरि बहोरी। मोह कलिल ब्यापित मति मोरी॥
उभय घरी महँ मैं सब देखा। भयउँ भ्रमित मन मोह बिसेषा॥

मैं बार-बार विचार करता था। मेरी बुद्धि मोह रूपी कीचड़ से व्याप्त थी। यह सब मैंने दो ही घड़ी में देखा। मन में विशेष मोह होने से मैं थक गया॥

क्रमशः

मंगल ग्रह पर पहुँचना आसान लेकिन कठिन 'खुले में शौच' का निपटान

भारत दुनिया का चौथा देश (रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाद) और अंतरिक्ष में मंगल जांच शुरू करने वाला एकमात्र उभरता हुआ देश बन गया। लेकिन यह 50त्न से कम स्वच्छता कवरेज वाले 45 विकासशील देशों के समूह का हिस्सा बना हुआ है,जहां कई नागरिक या तो शौचालय तक पहुंच की कमी के कारण या व्यक्तिगत पसंद के कारण खुले में शौच करते हैं। केवल शौचालय बना देने से उनके उपयोग की गारंटी नहीं हो जाती। खुले में शौच से जुड़ी गहरी जड़ें जमा चुकी आदतें, सुविधा और सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंड बाधाओं के रूप में कार्य करते हैं। यहां तक कि शौचालयों, उचित हाथ धोने और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के लिए भी इष्टतम स्वास्थ्य लाभ के लिए व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता होती है। सतत स्वच्छता के लिए सामुदायिक स्वामित्व और कार्यक्रम के डिजाइन और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। भारत में स्वच्छता कार्यक्रमों में सफलता हासिल करना व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने पर निर्भर है। इसमें सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों से निपटना, जागरूकता बढ़ाना, समुदायों को शामिल करना, पहुंच बढ़ाना और व्यवहार संबंधी अंतर्दृष्टि का उपयोग करना शामिल है।

भारत में स्वच्छता कार्यक्रमों की सफलता में व्यवहार परिवर्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जबकि शौचालयों का निर्माण आवश्यक बुनियादी ढाँचा है, उनके निरंतर उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों को संबोधित करने की आवश्यकता है जो स्वच्छता के प्रति लोगों के दृष्टिकोण और प्रथाओं को प्रभावित करते हैं। केवल शौचालय बना देने से उनके उपयोग की गारंटी नहीं हो जाती। खुले में शौच से जुड़ी गहरी जड़ें जमा चुकी आदतें, सुविधा और सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंड बाधाओं के रूप में कार्य करते हैं। यहां तक कि शौचालयों, उचित हाथ धोने और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के लिए भी इष्टतम स्वास्थ्य लाभ के लिए व्यवहार परिवर्तन की आवश्यकता होती है। सतत स्वच्छता के लिए सामुदायिक स्वामित्व और कार्यक्रम के डिजाइन और कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है।

भारत दुनिया का चौथा देश (रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाद) और अंतरिक्ष में मंगल जांच शुरू करने वाला एकमात्र उभरता हुआ देश बन गया। लेकिन यह 50त्न से कम स्वच्छता कवरेज वाले 45 विकासशील देशों के समूह का हिस्सा बना हुआ है , जहां कई नागरिक या तो शौचालय तक पहुंच की कमी के कारण या व्यक्तिगत पसंद के कारण खुले में शौच करते हैं। भारत के लिए, किसी न किसी रूप में शौचालय तक पहुंच प्रदान करना आसान हिस्सा है। सबसे कठिन है लोगों को उनका उपयोग करवाना । ग्रामीण क्षेत्रों में, शौचालय-अस्वीकृति लिंग के आधार पर भिन्न होती है। देश भर में पुरुषों के साथ 300 फोकस समूहों पर आधारित एक चल रहे अध्ययन से पता चला है कि वे शौचालय के बजाय खुले में शौच करना पसंद करते हैं क्योंकि इससे- पानी की बचत होती है; ताजे पानी और हवादार वातावरण तक पहुंच प्रदान करता है; शौचालय की टूट-फूट को कम करता है; महिलाओं को पुरुषों की नज़रों में शर्मिंदा होने से बचाता है; और जिद्दी पत्नियों और माताओं से बचने का एक आसान बहाना पेश करता है।

सार्वजनिक एजेंसियाँ परिवारों को उनकी युवा लड़कियों की सुरक्षा के लिए शौचालयों में निवेश करने के लिए मनाने की कोशिश करती हैं । लेकिन गांवों में, महिला शिक्षकों और लड़कियों के साथ फोकस समूह-आधारित अध्ययन से पता चला कि खुले में शौच का एक केंद्रीय लाभ यह है कि यह महिलाओं के लिए समान लिंग वाले सामाजिक संपर्क के अवसर प्रदान करता है। कई क्षेत्रों में लड़कियों और महिलाओं को मुद्दों पर बहस करने, विचारों का आदान-प्रदान करने या बस एक साथ आराम करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है। किशोरों को और भी अधिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है क्योंकि वृद्ध महिलाएं अक्सर युवाओं के बीच स्वतंत्र चर्चा की अनुमति देती हैं। इस संबंध में, खुले में शौच करना अन्य बाधाओं से मुक्त होकर बात करने और एक साथ समय बिताने का बहाना प्रदान करता है। इस प्रकार, ऐसे गांवों में खुले में शौच को खत्म करने के लिए सबसे पहले सामाजिक संपर्क के लिए वैकल्पिक सुरक्षित लिंग आधारित स्थानों की आवश्यकता है।

स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार का एक अत्यंत आवश्यक और प्रमुख कार्यक्रम है। परंतु इसका संबंध केवल शौचालय निर्मित करने भर से नहीं है। बल्कि इसके तहत ऐसे शौचालय विकसित होने चाहिए जिनका लोग वास्तव में प्रयोग कर सकें। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इसका संबंध गंदगी के निस्तारण और उपचार की व्यवस्था से भी है। यह बात एकदम स्पष्ट है लेकिन इसे कैसे अंजाम दिया जाए, यह अब भी लाख टके का प्रश्न है। सरकार अपने स्वच्छता कार्यक्रमों की बेहतर सफलता के लिए सुनिश्चित करें कि शौचालय सभी के लिए सुलभ हों, विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समूहों के लिए, और सब्सिडी या सूक्ष्म-वित्तपोषण योजनाओं के माध्यम से सामर्थ्य पर विचार करें। ऐसे शौचालय डिज़ाइन करें जो सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के लिए गोपनीयता और गरिमा सुनिश्चित करें।

पानी की उपलब्धता और अपशिष्ट निपटान के बारे में चिंता करते हुए, उचित शौचालय संचालन और रखरखाव के लिए प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करें।

महिलाओं और लड़कियों की विशिष्ट स्वच्छता आवश्यकताओं को संबोधित करना, जिसमें मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन सुविधाएं और गर्भावस्था के दौरान सुरक्षित स्वच्छता विकल्प शामिल हैं। सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील मुद्दों को संबोधित करने और मौजूदा विश्वास प्रणालियों के साथ स्वच्छता प्रथाओं को एकीकृत करने के लिए धार्मिक नेताओं और समुदाय के बुजुर्गों के साथ जुड़ें।स्थानीय नेताओं, महिलाओं और स्वच्छता कार्यकर्ताओं को स्वच्छता प्रथाओं का समर्थन करने और स्वच्छता से संबंधित वर्जनाओं को संबोधित करने के लिए प्रशिक्षित करें। शौचालय के उपयोग के लिए प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन पेश करें और समुदायों के भीतर परिवर्तन के चैंपियनों को पहचानें।

भारत में स्वच्छता कार्यक्रमों में सफलता हासिल करना व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने पर निर्भर है। इसमें सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों से निपटना, जागरूकता बढ़ाना, समुदायों को शामिल करना, पहुंच बढ़ाना और व्यवहार संबंधी अंतर्दृष्टि का उपयोग करना शामिल है। इन प्रयासों के माध्यम से, सरकार पूरे देश में स्थायी शौचालय उपयोग और उन्नत स्वच्छता प्रथाओं को प्रोत्साहित कर सकती है। भारत जैसे उभरते देश के लिए, स्वच्छता चुनौती से निपटने की तुलना में मंगल ग्रह पर खोजी अभियानों में भाग लेना अधिक आसान है। पहले को उन्नत, अच्छी तरह से संसाधन वाले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के नेतृत्व में एक रैखिक प्रक्रिया के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है, जबकि बाद वाले में हजारों कस्बों और गांवों को शामिल करते हुए प्रणालीगत परिवर्तन की आवश्यकता है।

भारत को खुले में शौच को खत्म करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए, विभिन्न प्रकार के प्रणालीगत कार्यकर्ताओं के बीच सहयोग और समन्वय, राजमिस्त्रियों के लिए सुलभ पाठ्यक्रम के रूप में ज्ञान उत्पादों की पीढ़ी और केवल सुरक्षित शौचालय बनाने और उपयोग करने के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता होगी।

-डॉ. सत्यवान सौरभ

सादगी-शिष्टाचार से मुखातिब हो सियासत

हमारे देश में सरकारें वीआईपी संस्कृति को समाप्त करने के लिए सड़कों पर सियासी हुक्मरानों व अफसरशाही की बेहद महंगी लग्जरी गाडियों पर लालबत्ती की चमक व दिल की धडक़न तेज करने वाले हूटरों की धमक को खामोश करने के दावे जरूर करती हैं, मगर आधुनिक हथियारों से लैस सुरक्षा एंजेसियों के सर्वश्रेष्ठ जवानों की वीआईपी सुरक्षा लेना सियासी हैसियत व रुतबे का प्रतीक बन चुका है। एनएसजी कमांडो जैसी सुरक्षा एजेंसी के साए में वीआईपी सुरक्षा का दायरा बढ़ता जा रहा है। सत्ता की चौखट पर पहुंचते ही सियासत के किरदार से सादगी व शिष्टाचार जैसे गुण रुखसत हो रहे हैं। हमारे देश की सियासत में ऐसे कई राजनीतिज्ञ हुए जिन्होंने लोकतंत्र के शिखर पर पहुंच कर भी अपने निजी स्वार्थ व महत्वाकांक्षा से दूर रहकर सादगी भरे व्यक्तित्व की गहरी छाप छोड़ी है। यदि बात सियासत में सादगी भरे व्यक्तित्व की हो और पिछड़े वर्गों की पैरवी करने वाले समाजवाद के पुरोधा 'कर्पूरी ठाकुर' का जिक्र न किया जाए, तो देश की सियासत में दौर-ए-सादगी का मजमून अधूरा रहेगा। बिहार की सियासत के उस प्रतिष्ठित चेहरे का नाम सुर्खियों में तब आया जब मौजूदा केन्द्र सरकार ने 23 जनवरी 2024 को कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देने का ऐलान किया। समाजवादी नेता रामनंदन मिश्र ने कर्पूरी को 'ठाकुर' की उपाधि दी थी। समाजवादी तहरीक की पैदाइश कर्पूरी ठाकुर को आजादी आंदोलन के दौरान पटना के कृष्णा टॉकीज हॉल में बर्तानिया हुकूमत के विरुद्ध दिए गए एक इंकलाबी भाषण के लिए अंग्रेजों ने जेल में डाल दिया था।

सन् 1952 में पहली बार विधायक बनने के बाद कर्पूरी ठाकुर को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ 'आस्ट्रिया' जाने का मौका मिला था। आस्ट्रिया की राजधानी वियना में होने वाले उस इजलास की तर्जुमानी युगोस्लाविया के फौजी शासक 'मार्शल टीटो' कर रहे थे। समारोह में भाग ले रहे कर्पूरी ठाकुर का लिबास देखकर मार्शल टीटो इस कदर जज्बाती हुए कि गिफ्ट के रूप में एक कोट पैक करवाकर कर्पूरी ठाकुर के कमरे में भिजवा दिया। लेकिन अपने असूलों पर अडिग कर्पूरी ठाकुर ने मार्शल टीटो द्वारा तोहफे में दिए गए कोट को सरकारी कोष में जमा करवा दिया था। इसीलिए सादगी भरे किरदार की महानता से कर्पूरी ठाकुर को जननायक के रूप में जाना जाता था। अपने गांव के स्कूल में शिक्षक के रूप में पढ़ाई कराते वक्त कर्पूरी ठाकुर ने महसूस किया था कि गांव, देहात के गरीब बच्चों के लिए शिक्षा में अंग्रेजी विषय परेशानी का सबब बन रहा है। अत- सन् 1967 में बिहार के उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री रहते कर्पूरी ठाकुर ने बिहार

बहरहाल यदि देश की सियासी व्यवस्था गुरबत का दर्द समझने वाले कर्पूरी ठाकुर जैसे महान नेता के सियासी आदर्शों को तसलीम करने का प्रयास करे तो यकीनन देश में आदर्शवादी सियासत की मिसाल कायम हो सकती है। कर्पूरी का सियासी कद ऊंचा रहेगा।

राज्य के शिक्षा पाठ्यक्रम से अंग्रेजी विषय की अनिवार्यता को ही समाप्त कर दिया था, ताकि समाज के हर वर्ग के छात्र शिक्षा हासिल कर सकें। वर्तमान में देश में विदेशों से डिग्रियां लाने की होड़ मची है। विदेशी शिक्षण संस्थानों से डिग्रियां हासिल करके जम्हूरियत की पंचायतों में विराजमान होकर अंग्रेजी झाडऩे वाले हुक्मरान देश के जमीनी हालात से मुखातिब होकर गुरबत की तासीर कैसे जानेंगे। हिंदी भाषा के प्रबल पक्षधर तथा वंशवाद के सख्त मुखालफीन रहे कर्पूरी ठाकुर ने अपनी सियासी विरासत को विस्तार देने की कोशिश भी नहीं की थी। मगर अवसरवाद व तोहमत के लिए मशहूर हो रही मौजूदा सियासत जाति, मजहब, क्षेत्रवाद व वंशवाद की तवाफ में मशगूल है। सियासी पटल पर भाषाई गरिमा को बरकरार रखना भी एक गंभीर चुनौती बन चुका है।

कई सियासी रहनुमाओं की जहरीली तकरीरों से समाज में हिकारत का माहौल पैदा हो रहा है। सियासी तकरीरों में जाति-मजहब का जिक्र किए बिना सियासत की तासीर बिगड़ जाती है। सत्ता की दहलीज पर पहुंचने का समीकरण अधूरा रह जाता है। राजनेता हों या मजहबी रहनुमां, लफ्जों का आधार होना चाहिए, मगर विडंबना है कि कई सियासी व मजहबी रहनुमाओं के धारदार अल्फाज लोगों के जज्बातों को आहत कर रहे हैं। मुल्क के इंकलाबी युवावेग ने कुर्बानियां देकर अंग्रेजों की सफ्फाक हुक्मरानी को हिंदोस्तान की सरजमीं से रुखसत कर दिया। शानो-शौकत वाली रजवाड़ाशाही ने जम्हूरियत की बहाली के लिए अपनी रियासतों का भारत में विलय कर दिया, लेकिन आजादी के बाद लोगों ने देश में जिस सादगी भरे जम्हूरी निजाम की कल्पना की थी, वास्तव में वो लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम नहीं हुई। मुल्क के रहबर सत्ता का मकसद समाज की खिदमत के बजाय आवाम पर हुकूमत करना मान बैठे हैं तथा अफसरशाही व नौकरशाही अपनी ड्यूटी को रोजगार का जरिया मान बैठे हैं। मुल्क का मुस्तकबिल युवावेग बेरोजगारी के बोहरान में फंसकर अपनी डिग्रियों को कोसकर रोजगार की जुस्तजू में भटक रहा है। हिंदोस्तान को आजाद कराने से लेकर देश में तरक्की की इबारत लिखने में युवा ताकत के दस्त-ए-अमल का किरदार अहम रहा है।

अत: प्रजातंत्र की बुनियाद युवावर्ग को बेरोजगारी के मर्ज से निजात दिलाकर ही मुल्क का इकबाल बुलंद होगा। भ्रष्टाचार देश के अर्थतंत्र में अस्थिरता का तनाजुर पैदा कर रहा है। जब देश का लगभग हर राज्य कर्ज के बोझ तले दबा है तथा अपने वोट की ताकत से राजनेताओं को जम्हूरियत की पंचायतों में पहुंचाने वाली देश की करोड़ों आबादी गुरबत से जूझकर गरीबी रेखा से नीचे बसर करने को मजबूर है, तो देश के तमाम इदारों पर हुक्मरानी करने वाली लीडरशिप को वीआईपी कल्चर को त्याग कर सादगी व शालीनता की मिसाल कायम करके सियासत का मिजाज दुरुस्त करना होगा। अजीम सियासतदान कर्पूरी ठाकुर की सियासी कार्यशैली तस्दीक करती है कि सरल व सामान्य जीवनशैली से भी सियासत की बुलंदी पर पहुंचा जा सकता है। बहरहाल यदि देश की सियासी व्यवस्था गुरबत का दर्द समझने वाले कर्पूरी ठाकुर जैसे महान नेता के सियासी आदर्शों को तसलीम करने का प्रयास करे तो यकीनन देश में आदर्शवादी सियासत की मिसाल कायम हो सकती है। बेदाग छवि वाले कर्पूरी ठाकुर का सियासी कद हमेशा ऊंचा रहेगा।

-प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

राशिफल

माघ शुक्ल द्वितीया (विक्रम संवत् 2080)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में थोड़ा बेहतर परिणाम।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
शत्रु परास्त होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति करेंगे। स्वास्थ्य की स्थिति नरम गरम।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार भी अच्छा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
व्यापारिक लाभ होगा। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)
मन चिंतित रहेगा। खर्चे को लेकर परेशान रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा क्योंकि सिरदर्द व नेत्रपीड़ा संभव है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
अच्छे समाचार की प्राप्ति हुई होगी। यात्रा में लाभ होगा। धन-धान्य से परिपूर्ण होंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
शासन सत्ता पक्ष का सहयोग मिलेगा। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

सपा ने किया पीडीए जन सम्मलेन का आयोजन

दादरी(चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी द्वारा रविवार को दादरी क्षेत्र के चिटैहरा गांव में पीडीए जन सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कोने-कोने से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जन सम्मलेन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश एवं प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुँच गया है। दिनों-दिन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। ध्वस्त कानून व्यवस्था, बढ़ता भ्रष्टाचार भाजपा सरकार की असफलता है। अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा धर्म का सहारा ले रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त जनता अब देश में बदलाव चाहती है। संविधान बचाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा को हटाना और इंडिया गठबंधन को जितना आवश्यक है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़ों, दलित और अल्पसंख्यकों का शोषण हो रहा है और उनके अधिकारों को छीना जा रहा है। आज देश का अन्नदाता सड़क पर उतर कर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। भाजपा सरकार द्वारा वंचितों और शोषितों के हक की आवाज उठाने वालों की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है और उनके साथ अपराधी जैसा बर्ताव किया जा रहा है। भाजपा अपनी राजनैतिक लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी और इंडिया गठबंधन से भाजपा बुरी तरह से घबराई हुई है और आगामी लोकसभा में उसे अपनी हार नजर आ रही है। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य महेश आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष इंदर प्रधान, पूर्व चेयरमैन गजराज नागर, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव वचन भाटी, मेहदी हसन, विजेंद्र चौहान, सुदेश भाटी, जुगती सिंह,नीतीश भाटी, राहुल आर्यन, संजय भाटी, हुकम सिंह भारती, हरेंद्र लाला, महेश जाटव, बादशाह प्रधान, रिजवान हैदर आत्म प्रकाश जाटव, शोएब खान, मुरारी लाल गौतम आदि मौजूद रहे।

नरक में जीवन बिताने को मजबूर हैं ग्रामीण

नोएडा (चेतना मंच)। भाजपा की प्रदेश सरकार जहां स्वच्छता अभियान पर बल दे रही है। वहीं नोएडा प्राधिकरण में तैनात जे0ई0 एवं ठेकेदार की मनमानी के कारण गांव में लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। बताते चलें कि गांव नगला चरण दास के गली नंबर 6 में सीवर एवं गंदगी से उठ रही बदबू से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

गली नंबर 6 के निवासी तेजराम शर्मा ने बताया कि सीवर का पानी चारों ओर बह रहा है। इस बात की शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत नोएडा प्राधिकरण के जेई एवं ठेकेदार एवं अन्य बड़े अधिकारियों से की गई लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा कार्रवाई नहीं हो हुई।

रोटरी क्लब व जेपी हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य जाँच शिविर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। रोटरी क्लब के सदस्य योगेश गर्ग ने बताया रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व आर डब्लू ए सिल्वर सिटी 2 के संयुक्त तत्वाधान में जेपी हॉस्पिटल नोएडा द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जाँच शिविर कल क्लब हाउस सिल्वर सिटी-2 में लगाया था।

जिसमें फिजीशियन, लेडी डॉक्टर, आर्थोपेडिक, डेंटल का परामर्श ओर ईसीजी, ब्लड प्रेशर, व शुगर की नि:शुल्क जाँच की गई। कैम्प का लगभग 150 लोगो ने लाभ उठाया।

कैम्प में मुकुल गोयल, शुभम सिंघल, मोहित बंसल, योगेश गर्ग (सीए), दीपक राय तिरखा, राजीव अग्रवाल, अमित सिंघल, विवेक शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

जारी है किसान सभा का धरना

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय किसान सभा का लगातार धरना 12वें दिन भी जारी रहा। सैकड़ो की संख्या में धरने में लोग धरने में शामिल रहे। धरने की अध्यक्षता भीम सिंह प्रधान खोदना खुर्द ने की धरने का संचालन जगबीर नंबरदार ने किया धरने के उपरांत किसान सभा की कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा हुई और सभी ने सर्वसम्मति से 16 फरवरी को जुलूस निकालने का प्रस्ताव पास किया 16 फरवरी को किसान हजारों की संख्या में 10 प्रतिशत आबादी प्लाट सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर जुलूस निकालेंगे।

धरने को मोहित नागर, गौरव यादव, सुरेंद्र यादव, सुरेश यादव, गवरी मुखिया, सलेक यादव, नितिन चौहान, रूपचंद घंघोला, बाबा संतराम, प्रशांत भाटी, महेश प्रजापति, भोजराज रावल, रंगीलाल भाटी, ओमवीर नागर, पप्पू ठेकेदार, रीना भाटी, राजेश देवी, कमलेश देवी, शांति देवी, गीता देवी कामरेड, आशा यादव, कामरेड रेखा चौहान, सुधीर रावल, निरंकार प्रधान, अशोक आर्य, अशोक भाटी ने संबोधित किया।

लोकसभा चुनाव में विपक्ष की जमानत होगी जब्तः प्रणीत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।

आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष की जमानत भी नहीं बचेगी यह दावा भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी ने एक विशेष बातचीत के दौरान किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की पूरी तैयारी कर लिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम प्रदेश में प्रदेश के सभी जिलों में लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय अभी से खोल दिए गए हैं जहां कार्यकर्ताओं को चुनाव के बारे में निर्देशित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण से लेकर धारा 370 सहित कई ऐतिहासिक कार्य केंद्र सरकार द्वारा किया गया है। इसका सीधा लाभ भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर लोकसभा चुनाव में इस बार पार्टी प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा सभी समाज को साथ में लेकर चलती रही है और वह कम आगे भी जारी रहेगा।

भाकियू के जिलाध्यक्ष को मातृ शोक

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष चौधरी महेन्द्र मुखिया की माता लखवंती देवी उम्र 90 वर्ष का गत दिवस निधन हो गया उनके निधन पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने दुख प्रकट किया है बतादें कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष चौधरी महेंद्र मुखिया की माता लखवंती देवी उम्र 90 वर्ष काफी समय से बीमार चल रही थी। गांव मोरना निवासी चौधरी महेंद्र मुखिया की माता के निधन पर भारतीय किसान यूनियन नोएडा महानगर के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा एनसीआर अध्यक्ष विभोर शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने दुख प्रकट किया है एवं मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। बिसरख ब्लॉक कल शक्ति वंदन अभियान को लेकर एक कार्यक्रम चाय पर चर्चा का आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि ज़िला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी रहे। कार्यक्रम में ज़िला महामंत्री ज़िला शक्ति वंदन अभियान के संयोजक योगेश चौधरी रहे। शक्ति वंदन अभियान चाय पे चर्चा पर नोएडा ग्रेटर नोएडा के स्वयं सहायता समूह की माताओं बहने बैंक सखी विद्युत सखी ऋण सखी एवं नारी एनजीओ ने कार्यक्रम में भाग लिया मुख्य अतिथि अमित चौधरी ने कहा कि आज देश व प्रदेश की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रहीं है मोदी सरकार ने ऐतिहासिक महिलाओं के लिये संसद में 33 प्रतिशत सीट देने के काम एवं महिलाओं के लिए उज्जवला गैस योजना महिला उद्यमी ऋण योजनाओं के साथ दर्जनों योजनाए नारी शक्ति को मज़बूत करने को लेकर चल रही है जिनसे आज माता बहनें आगे बढ़ कर देश को आगे ले जाने का कार्य कर रहीं है इस अवसर पर मुख्य रूप से ज़िला महामंत्री योगेश चौधरी मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी बिसरख शक्ति वंदन संयोजक इन्द्र नागर ज़िला मंत्री ज़िला सह संयोजक सत्यपाल शर्मा अमित पंडित मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी तोमर संगीता रावल अर्पणा सिंह शाशि कौशिक रेखा सिंह अंजना त्यागी संगीता तिवारी प्रीति सिंह बघेल आदि लोग मौजूद रहे।

हड़ताल को लेकर सीटू कार्यकर्ताओं ने किया जनसम्पर्क

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। मजदूर किसान विरोधी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू के आह्वान पर 16 फरवरी को औद्योगिक हड़ताल व ग्रामीण बंद को सफल बनाने के लिए सीटू जिला कार्यकर्ताओं ने जनपद में अभियान को तेज करते हुए मजदूर बस्ती सेक्टर 8, 9, 10, व फेस - 2, नोएडा सूरजपुर ग्रेटर नोएडा आदि विभिन्न जगहों पर नुक्कड़ सभा, पर्चा वितरण, आम सभा व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों से जन संपर्क कर 16 फरवरी 2024 को जनपद में हड़ताल को सफल बनाने की अपील किया।

सीटू द्वारा चलाए जा रहे जन जागरण अभियान को आम लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और लोग हड़ताल में शामिल होने की सहमति व्यक्त कर रहे हैं। ट्रेड यूनियन नेताओं का कहना है यह हड़ताल ऐतिहासिक रूप से सफल रहेगी।

खेलों के साथ प्रशिक्षक पर भी ध्यान दें सरकार : जफर

नोएडा (चेतना मंच)। जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव जफर खान का कहना है कि जनपद गौतमबुद्धनगर बहुत ही जल्द जिला ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने जा रहा है। जिन खेल संघों ने जिला ओलंपिक संघ से अब तक मान्यता नहीं ली है उन खेलों को जिला ओलंपिक खेलों में शामिल नहीं किया जाएगा।

प्रदेश में खेलों के बढ़ावे के लिए 'खेलो उत्तर प्रदेश योजना' का स्वागत करते हुए जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव जफर खान ने कहा कि प्रदेश में खेलों के बढ़ावे के लिए सरकार की नियत बहुत ही सकारात्मक है।

उन्होंने कहा कि किस खेल में कहां और कौन सी प्रतिभा है वह खेल विज्ञान का जानकारी रखने वाला खेल प्रशिक्षक ही जान सकता है । परंतु प्रशिक्षक अपनी दयनीय आर्थिक स्थिति और अंधकार भविष्य को देखकर अधिकारियों और नेताओं के बच्चों एवं उन्हें खेल मनोरंजन कराने में लगा रहता है । जफर ने सरकार से अपील की है कि जिस तरह खिलाड़ियों को सरकार ने इनाम के लिए अपने धन एवं सरकारी नौकरी का खजाना खोल दिया है ।

इस तरह उन इनाम पाने वाले विजेता खिलाड़ियों से पूछ कर उनको ये ऊंचाई दिलाने वाले प्रशिक्षक को भी उन्हीं के बराबर धन एवं योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी सरकार को देनी चाहिए। गौतम बुद्ध नगर में प्रतिभागियों की कमी नहीं है परंतु सही प्रशिक्षण ना मिलने के कारण खिलाड़ी जनपद से बाहर निकलने को मजबूर है।

वंशीधर उपाध्याय पर दांव लगा सकती है भाजपा

भदोही। 2024 में होने वाले आम लोकसभा चुनाव का शंखनाद भारतीय जनता पार्टी ने कर दिया है चुनाव की तिथि कभी भी चुनाव आयोग द्वारा घोषित कर की जा सकती है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी से टिकट पाने वालों ने अपनी अपनी दौड़ तेज कर दी है भदोही लोकसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर रमेश चंद्र बिंद का कब्जा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के राजनैतिक विशलेषकों का मानना है कि इस बार टिकट में उलट फेर हो सकता है। इस संभावना को देखते हुए संभावित प्रत्याशियों ने टिकट पाने के लिए अपनी पूरी ताकत होती है।

बताते चलें कि गत 25 सालों से भदोही जिला बाहुबली विजय मिश्रा के चंगुल में पूरी तरह से जकड़ा हुआ था। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने बाहुबली के तिलस्म को तोड़कर जो काम किया आज उसका सीधा लाभ भाजपा को मिलता दिखाई दे रहा है बाहुबली विजय मिश्रा 25 सालों तक इस कदर जिले को अपने कब्जे में रखा की कोई भी

व्यक्ति उसके खिलाफ कार्रवाई की बात तो दूर रही यूं तक बोलने की हिम्मत नहीं करता था। जब जनता बेहाल एवं परेशान हो गई तब ज्ञानपुर के कांवल गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता बंशीधर उपाध्याय ने बाहुबली के खिलाफ मैदान में उतरकर मोर्चा खोल दिया और काफी झंझावतो को झेलते हुए उन्होंने उस बाहुबली को जेल के सिखचों में भेजवाने का जो काम किया वह पूरा जिला ही नहीं पूरे पूर्वांचल के लोगों के जुबान पर आज भी कायम है।

बंशीधर उपाध्याय एक किसान परिवार से सामान्य व्यक्ति हैं और उन्होंने हमेशा सामाजिक कामों में अपनी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी की वर्तमान में बंशीधर उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ के जिला संरक्षक हैं और उन्होंने औराई में बंद पड़ी सहकारी चीनी मिल को भी चालू करवाने की बात मुख्यमंत्री दरबार तक ले गए।

सूत्र बताते हैं कि जब बंशीधर उपाध्याय ने बाहुबली के खिलाफ मोर्चा खोला तो वह कई बार धमकियां एवं लालच भी दिया गया। लेकिन वह टूटे नहीं और अपने मिशन पर डटे रहे और अंत में उन्हें कामयाबी मिली और जनता को राहत की सांस मिली आखिर भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में बंशीधर उपाध्याय को क्या इस मेहनत का फल टिकट देकर कर सकती है ऐसी चर्चा राजनैतिक गलियारों में तेजी के साथ हो रही है अब देखना है कि बंशीधर उपाध्याय ने जिस तरफ जिस तरह से लाखों लोगों को माफिया के चांगो से मुक्त करवाया है और लोग मस्जिद घर उपाध्याय की कारों की सराहना करते हैं यदि भारतीय जनता पार्टी ने बंशीधर उपाध्याय पर भदोही लोकसभा सीट से दाव लगाया तो पार्टी को फायदा हो सकता है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

किशोरी का दो भाइयों ने किया अपहरण

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव से दो भाइयों ने एक नाबालिक किशोरी का अपहरण कर लिया। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी बेटी की हत्या कर सकते हैं। इसके अलावा थाना ईकोटेक-3 के सैनी गांव से एक किशोर अपने परिजनों की डांट के बाद घर से चला गया।

बरौला गांव में किराए पर रहने वाली कामिनी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके पति सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। घर पर उनकी नाबालिक पुत्री बेटे रहते हैं। बीते 6 फरवरी को उनके (17 वर्षीय) बेटी घर से मार्केट कुछ सामान लेने गई थी रास्ते में उसे अभिषेक उर्फ विक्की व लकी पुत्र विनोद जबरन उसका अपहरण कर ले गए। शाम के समय जब वह ड्यूटी से घर वापस लौटे तो उन्हें अपने बेटी के अपहरण की जानकारी मिली। इस संबंध में उन्होंने थाना सेक्टर 49 में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की थाना पुलिस ने उनकी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि उनकी बेटी का अपहरण हुआ है। पीड़िता के मुताबिक दोनों लड़के बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं तथा पूर्व में भी किसी लड़की का अपहरण कर ले आए थे। पीड़िता ने अपनी बेटी की हत्या होने तथा उसे कहीं बेचे जाने की आशंका भी व्यक्त की है।

थाना ईकोटेक-3 में सैनी गांव निवासी मनोज (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका बेटा विशाल बीते 10 फरवरी को घर से चला गया। इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। विशाल को उसकी मां ने किसी बात पर डांट डपट दिया था जिस कारण वह गुस्से में घर से चला गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

300 घरों में लगे ताले, बनभूलपुरा में अभी भी कर्फ्यू, एक्शन जारी

हल्द्वानी(एजेंसी)। हल्द्वानी में हुई हिंसा मामले में पुलिस प्रशासन लगातार एक्टिव दिखाई दे रहा है।इलाके भर में पुलिस पैनी नजर रख रही है। इसी कड़ी में बनभूलपुरा में हिंसा के बाद प्रशासन की कार्रवाई जारी है। डीएम ने बनभूलपुरा के 120 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किये है। बनभूलपुरा में 300 घरों में ताला लगाकर लोग छोड़कर गए है। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर अब सभी ट्रेनें रुकने लगी है।

जानकारी के अनुसार घटना के मास्टरमाइंड की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। अतिरिक्त पैरामिलिट्री फोर्स भी हल्द्वानी पहुंची है। हालातों पर मुख्यमंत्री और डीजीपी नजर बनाये हुए हैं।

बेसहारा मवेशियों के रहने की जगह बनकर पूरी होने वाला है। इसे केंद्र सरकार की मदद से बनाया जा रहा है। गौ

अभयारण्य को 20 एकड़ जमीन में तैयार किया गया है।

मुजफ्फरनगर-उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के तुगलपुर कम्हेड़ा गांव में बेसहारा मवेशियों के रहने की जगह बनकर पूरी होने वाला है। इसे केंद्र सरकार की मदद से बनाया जा रहा है। 'गौ अभयारण्य' को 20 एकड़ जमीन में तैयार किया गया है।

बता दें कि मुफ्फरनगर जिले में पहला गौ अभयारण्य लगभग तैयार हो गया है। इस मामले में केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान की ओर से कहा गया कि ये निर्माण करीब-करीब पूरा हो चुका है और गोवंश का वहां आना शुरू हो चुका है। धीरे-धीरे इसकी संख्या लगातार रोज ही बढ़ा रहे हैं। और जितना भी मुजफ्फरनगर जनपद का गोवंश है, जो सड़कों पे घूम रहा है, जो खेतों में जो किसान को समस्या हो रही है, सबको हम वहां पे रखेंगे, काउ सैंक्चुअरी के अंदर।

एक अलग तरह की व्यवस्था और बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास किया है। एक तरह से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के बेस पर वह चलेगी। सरकार के साथ-साथ सरकार और जनता के सहयोग से काउ सैंक्चुअरी को चलाया जाएगा।

जानकारी के लिए बता दें कि यहां करीब 5000 गायें रखी जाएंगी। दूसरी सुविधाओं के अलावा यहां एक सीएनजी प्लांट भी है।इसमें करीब 5000 गोवंश रहेगा। सीएनजी प्लांट लगवा रहे हैं।ट्रेनिंग सेंटर होगा। एक तरह से हब बनाने का काम काउ सेंटर को किया जाएगा। अभी ज्यादातर काम पूरा हो चुका है। अब धीरे-धीरे 15 से 20 दिन के अंदर सारा गोवंश वहां पर पहुंच जाएगा।

नामी यूनिवर्सिटी के बाहर मारपीट का वीडियो वायरल, 9 पर एफआईआर

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-125 स्थित एक नामी यूनिवर्सिटी के बाहर मारपीट कर रहे युवकों की वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। थाना सेक्टर 126 पुलिस ने 9 युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि बीते दिनों मीडिया सेल गौतमबुधनगर के प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें एक वायरल वीडियो जांच के लिए भेजी थी। इस वीडियो में कुछ युवक एक नामी यूनिवर्सिटी के बाहर आपस में गाली गलौज व मारपीट करते हुए दिख रहे थे। वीडियो की जब जांच पड़ताल की गई तो झगड़ा करने वाले जीव को की पहचान प्रशांत, मोहित, तुषार नागर, भाटी, वंश त्यागी, संभव त्यागी विशाल त्यागी, ध्रुव भड़ाना व उज्जवल भाटी के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि वीडियो में दिख रहा है अज्ञात युवकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

पृष्ठ एक के शेष.।.।.।.।

यमुना एक्सप्रेस-वे.ग में जलकर कार के अंदर ही पांचों की मौत हो गई।

हादसे के बाद बस और कार धू-धू कर जलने लगे। बस यात्री तो कूदकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे लेकिन कार सवार लोगों को मौका नहीं मिला। कार के अंदर ही वो जिंदा जल गए। डबल डेकर बस में करीब 50 यात्री सवार थे। दुर्घटना में कुछ यात्री घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है।

घटना की सूचना मिलते ही फौरन आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। खुद डीएम और एसएसपी घटनास्थल पहुंचे। फिलहाल, मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

एसएसपी ने बताया- ये हादसा आज सुबह महावन थाना के आगरा-नोएडा पटरी पर माइलस्टोन 117 के पास हुआ है। बस का टायर पंचर होने से वह अनियंत्रित हो गई, तभी पीछे से स्विफ्ट कार उससे भिड़ गई. भिड़ंत के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कार सवार बाहर नहीं निकल पाए। झुलसने से 5 कार सवारियों की मौत हुई है। कुछ बस यात्री भी घायल हुए हैं।

किसानों को..।

पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। वैकल्पिक रास्तों से ही वाहन चालक दिल्ली में प्रवेश कर सकेंगे।

अधिकारी ने बताया कि अकेले सिंघु बॉर्डर पर ही अर्द्धसैनिक बलों की 16 कंपनियों की तैनाती की जा रही है। करीब 3000 से ज्यादा जवान सिंघु बॉर्डर के आसपास तैनात रहेंगे। कुछ ऐसा ही हाल टिकरी बॉर्डर का भी है। बाकी मुकरबा चौक, गाजीपुर, अप्सरा, भोपरा, आनंद विहार, चिल्ला और बदरपुर बॉर्डर पर बैरिकेड्स के अलावा जर्सी बैरियर पहुंचा दिए गए हैं।

आपको बता दें कि किसान आंदोलन 2.0 के लिए किसानों ने फिर कमर कस ली है. किसान पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान समेत कई राज्यों से दिल्ली कूच करने की तैयारी में हैं। आंदोलन को 'चलो दिल्ली' मार्च नाम दिया गया है। हालांकि, इस आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा शामिल नहीं है. यह कुछ किसान संगठनों का प्रदर्शन है. लेकिन फिर भी किसानों की तैयारियों को देखते हुए पुलिस-प्रशासन कोई भी रिस्क लेने के मूड में नहीं है।

दिल्ली से सटे हरियाणा, पंजाब और यूपी के बॉर्डर पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई है. बॉर्डर को कटीले तार, सीमेंट के बैरिकेड से कवर किया जा रहा है। किसान मार्च को देखते हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली में धारा 144 लागू की गई है. प्रदर्शनकारियों को बॉर्डर पर ही रोके जाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से भी किसान दिल्ली पहुंच सकते हैं। इस बीच गाजीपुर बॉर्डर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। अगर आज किसानों ने होने वाली बातचीत असफल रहती है तो गाजीपुर बॉर्डर को पूरी तरह से सील किया जा सकता है। वहीं, हरियाणा के फतेहाबाद में अस्थाई जेल बनाई गई है।

किसानों के दिल्ली घेराव को रोकने के लिए हरियाणा और पंजाब से लगने वाले सिंघु बॉर्डर पर कटीले तार लगा दिए गए हैं। सड़कों पर सीमेंट के बैरिकेड हैं. दिल्ली में गाजीपुर टिकरी और सिंधु बॉर्डर पर भी दिल्ली पुलिस अहतियात के तौर पर तैयारी कर रही है, ताकि किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोका जा सके. गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस की गाड़ियां और बैरिकेड खड़े कर दिए गए हैं। सीसीटीवी और लाउडस्पीकर भी लगाए जा रहे हैं. पुलिस-प्रशासन को डर है कि कहीं पश्चिम उत्तर प्रदेश के दूसरे संगठन भी इसमें शामिल न हो जाएं. अगर ऐसा होता है तो संभव है कि दिल्ली-मेरठ राजमार्ग भी बाधित हो सकता है।

साइकिल चोर को..।

शोर सुनकर गांव के अन्य लोगों ने उसका पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम आदित्य पुत्र काशीनाथ बताया। आदित्य ने बताया कि वह मोरना गांव में लीला प्रधान के मकान में रह रहा है और मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। पकड़े गए चोर को लोगों ने थाना सेक्टर-49 पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के खिलाफ दलबीर सिंह ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

रोडरेज में कार..।

हल्की टक्कर मार दी। वह उतरकर अपनी कार देखने लगे। इस दौरान वैगनआर कार के चालक व उसके कुछ साथियों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। कार चालक ने कहा कि उसकी कार में नुकसान हो गया है जिसकी उसे भरपाई करनी होगी। इसके बाद वेगनआर कार चालक व उसके साथियों ने उसका मोबाइल फोन जबरन लेकर पेटीएम से पैसे ट्रांसफर करने की भी कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बिना मंजूरी के..।

इस बात का विरोध करने पर कर्मचारियों पर हमला करने की कोशिश की गई और उन्हें अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। सहायक प्रबंधक ने बताया कि उक्त अवैध निर्माण के कारण प्राधिकरण की भूमि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला जा रहा है इस कारण उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।

सिरफिरे आशिक।।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

सरकारी कर्मचारी ने..।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गौतम भट्टाचार्य पिछले काफी समय से डिप्रेशन में थे और दवाइयां ले रहे थे। वह पूर्व में भी एक बार नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे। 58 वर्षीय गौतम भट्टाचार्य द्वारा 12वीं मंजिल से छलांग लगाकर जान देने की घटना पर सोसायटी के सभी लोग अचंभित हैं।

वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आम्रपाली गोल्फ सोसाइटी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अनुज सिंह अपनी पत्नी पल्लवी उर्फ सोनिया के साथ रह रहे है। अनुज रविवार को अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे। रात्रि के समय उन्होंने अपनी पत्नी को कई बार फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने सोसायटी के गार्ड मुकेश को फोन कर अपने फ्लैट पर जाने को कहा। मुकेश जब अनुज के फ्लैट पर पहुंचा तो उसे पल्लवी उर्फ सोनिया फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। गार्ड ने इसकी सूचना तुरंत अनुज तथा बिसरख पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें पल्लवी और सोनिया ने अपने पति व परिजनों से आत्महत्या का कदम उठाने पर माफ किए जाने की बात लिखी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। इस संबंध में परिजनों द्वारा कोई शिकायत नहीं दी गई है। परिजन अगर तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फॉर्च्यूनर कार, 10 सोने..।

को उनकी बहन और हेमंत की रिंग सेरेमनी ग्रेटर नोएडा के लोग वुड ग्रीन बैंक्विट एंड रिसोर्ट में हुई थी। विवाह के लिए 14 फरवरी 2023 की तिथि निर्धारित हुई थी। 15 जनवरी 2023 को वह हेमंत के घर शादी की पीली चिट्ठी देकर आया और पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुट गया। 14 जनवरी को हेमंत चौहान की मां मधु देवी ने उसकी मां को फोन कर पूछा कि वह दहेज में क्या-क्या दे रहे हैं। उनकी मां ने बताया कि परिवार के साथ सदस्यों के लिए उन्होंने सोने की अंगूठी बनवाई है लड़की के लिए करीब 50 तोले सोने के गहने हैं। 31 रिश्तेदारों के लिए कपड़े तथा मारुति ग्रैंड विटारा सिग्मा कार खरीद ली है इसके अलावा घर का तमाम दान दहेज का सामान भी खरीद लिया गया है। मधु चौहान ने कहा कि उनके 10 और रिश्तेदारों के लिए उन्हें सोने की अंगूठियां बनवाकर देने होंगी। साथ ही 51 रिश्तेदारों को कपड़े देने होंगे इसके अलावा कैश में 11 लाख तथा फार्च्यूनर कार देना होगा। उन्होंने जब यह मांग पूरी करने से इनकार किया तो हेमंत और मधु चौहान ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद हेमंत के जीजा नवदीप से बात की गई तो उसने हेमंत से उनकी मुलाकात कराई मुलाकात के बाद हेमंत नवदीप और उसकी बहन जूही ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। निर्धारित तिथि पर आरोपी बारात लेकर नहीं पहुंचे। उन्होंने जब सगाई के दौरान दिए गए उपहार और सामान को वापस लौटने की मांग की तो आरोपियों ने सामान और उपहार भी लौटने से साफ इंकार कर दिया।

थाना प्रभारी बताया कि पीड़ित की शिकायत पर हेमंत चौहान, उदयवीर सिंह, मधु, नवदीप व जूही के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस की गोली..।

थाना फेज-3 प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस मामूरा चौक पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को देखकर बाइक सवार एक युवक सेक्टर-59 की तरफ भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने अपनी बाइक की गति और बढ़ा दी और पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी और वह गिरकर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम विदेशपाल उर्फ चेन्टा निवासी बसई बताया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया चेंटा थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इस पर चोरी के दर्जनों मुकदमें पंजीकृत है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था पकड़े गए बदमाश के पास से बरामद बाइक भी चोरी की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नोएडा गोल्फ कोर्स..।

और उन्होंने मामले को आधिकारिक तरीके से आगे बढ़ने की मांग करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। इस पर उन्होंने जब उसे कार्यालय से बाहर निकलना की कोशिश की तो वह आक्रामक हो गया और उसने उन्हें धक्का दे दिया। इस घटना में उन्हें शरीर में चोटें आई और दांत से खून बहने लगा पीड़ित का आरोप है कि राहुल नेहरा ने उन्हें कार्यालय से बाहर निकालने की भी धमकी दी थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

हज यात्रा पर भेजने..।

इसके बाद उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो वह उनसे पैसे लौटाने का झूठा वादा करता रहा। कुछ समय बाद उसने केवल डेढ़ लाख रुपए वापस किया। शेष 5 लाख रुपए की राशि को उसने वापस करने से साफ इनकार कर दिया। पीड़ित के मुताबिक उसने जब अपने पैसों का तकाजा किया तो आरोपी ने उसे धमकाया कि उसकी बहुत ऊंची पहुंच है और अगर उसने पैसे मांगे तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। आरोपी ने उसे नोएडा से भी उजाड़ने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

भाजपा के विस. प्रभारी..।

बता दें कि गाजियाबाद के विधानसभा प्रभारी बनाए गए श्री शर्मा वर्तमान में भाजपा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा कार्यालय निर्माण समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक हैं। वह पूर्व में नोएडा महानगर के अध्यक्ष तथा दो बार महामंत्री पद पर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। पार्टी के प्रति निष्ठा तथा लगन को देखते हुए उन्हें गाजियाबाद में विधानसभा प्रभारी की अहम जिम्मेदारी से नवाजा गया है।

इसके अलावा भाजपा ने गौतमबुद्धनगर के पांचों विधानसभाओं के प्रभारी व विधान सभा संयोजकों के नाम भी घोषित कर दिए हैं। नोएडा विधानसभा का प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी भराला तथा विधानसभा संयोजक गणेश जाटव को बनाया गया है। दादरी विधानसभा का प्रभारी बिजेन्द्र नागर तथा विधानसभा संयोजक जगभूषण गर्ग को बनाया गया है। इसी तरह जेवर विधानसभा का प्रभारी सतीश शर्मा तथा विधानसभा संयोजक अरविंद सिंह को बनाया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिश्चंद भाटी को सिकन्द्राबाद विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। विधानसभा संयोजक के रूप में सुंदरपाल तेवतिया की नियुक्ति की गयी है। खुर्जा विधानसभा का प्रभारी सुनील रामा तथा संयोजक सुरेश शर्मा को बनाया गया है।

घर से 10 लाख व सोना लेकर दिल्ली निकला ज्वैलर लापता, लावारिस हालत में मिली कार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर के विलासपुर के कारोबारी के बेटे वैभव सिंघल का मामला अभी सुलझा ही था, कि एक और व्यापारी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की खबर से पुलिस विभाग में हड़का मच गया है।

कासना थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव निवासी ज्वैलर मोहित वर्मा दिल्ली जाने के लिए अपने घर से दस लाख रुपये और सोना लेकर निकले थे। लेकिन वह दिल्ली नहीं पहुंचे और संदिग्ध परिस्थियों में लापता हो गये। उनकी कार ओमीक्रान-3 सेक्टर के पास लावारिस हालत में खड़ी मिली। मोहित का फोन भी स्विच ऑफ है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर मोहित की तलाश शुरू कर दी है।

सूचना के बाद लापता ज्वैलर्स की तलाश में जुटी पुलिस को ओमीक्रान-3 सेक्टर के उसकी कार को बरामद कर लिया गया है। ज्वेलर मोहित वर्मा की कार अंदर

से लॉक है और कार के अंदर मोहित के जूते भी बरामद हुए है। मोहित के परिजनों को किसी अनहोनी को लेकर अशंकित है। परिवार वालों का कहना है कि जब मोहित दिल्ली के लिए जा रहे थे। उसके पास 10 लख रुपये के अलावा कुछ आभूषण गलाने के बाद निकला सोना भी था।

इस मामले को लेकर सूरजपुर थाना प्रभारी का कहना है कि मोहित की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। उनकी कार ओमीक्रान-3 सेक्टर के पास मिली है। कार अंदर से लॉक है और कार के अंदर मोहित के जूते भी है। सर्विलांस और साइबर टीमें मोहित को तलाश में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज भी देखा जा रहा है। जहां कार मिली है, उससे कुछ दूरी पर मोहित कार लेकर जाता हुआ सीसीटीवी में कैद हुआ है। उन्होने कहा कि महित को जल्द ही तलाश कर लिया जाएगा।

भारत की 'वंदे भारत' ट्रेनें अब विदेशी पटरियों पर भी दौड़ेंगी

नई दिल्ली । जल्दी ही भारत की 'वंदे भारत' ट्रेन अब विदेश की पटरियों पर भी दौड़ने वाली हैं। सरकारी सूत्रों ने कहा कि है कि इन ट्रेनों के निर्यात की योजना पर काम हो रहा है। भारतीय रेलवे से 'वंदे भारत' के संबंध में चिली सहित अन्य कई देशों से जानकारी मांगी जा रही है। इस संबंध में रेल मंत्रालय सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की इकाइयों के साथ स्वदेशी डिजाइन और क्षमता के साथ ट्रेन के लिए अपनी कार्यशालाओं में कई प्रकार के कलपुर्जे के निर्माण के लिए क्षमता विकसित कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, हमारे देश में वंदे भारत को विकसित करना चुनौती थी। इंजीनियरों ने चुनौती को बहुत अच्छी तरह से लिया है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आने वाले वर्षों में हम इस ट्रेन का निर्यात शुरू कर देंगे। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली-मुंबई और नई दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाने के प्रयासों के साथ वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर 82 हो गई है। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि 31 जनवरी 2024 तक, देश भर में 82 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चालू हैं, जो राज्यों को ब्रॉड गेज (बीजी) विद्युतीकृत नेटवर्क से जोड़ती हैं। इसके अलावा, ट्रेन सेवाओं के ठहराव का प्रावधान और वंदे भारत सहित नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत, परिचालन व्यवहार्यता, यातायात औचित्य, संसाधन उपलब्धता आदि प्रक्रियाएं चल रही हैं।

सीएपीएफ में कांस्टेबलों की भर्ती परीक्षा पहली बार 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी होगी आयोजित

नई दिल्ली। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कांस्टेबलों की भर्ती के लिए पहली बार कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित होगी। यह परीक्षा देशभर के 128 शहरों में करीब 48 लाख उम्मीदवार के लिए 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। गृह मंत्रालय के अनुसार कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा के प्रश्न पत्र अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया जाएगा। इसमें असमिया, बंगाली, गुजराती, मराठी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, ओडिया, उर्दू, पंजाबी, मणिपुरी और कोंकणी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 01 जनवरी 2024 से सीएपीएफ में भर्ती के लिए कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने का फैसला किया था। कांस्टेबल (जीडी) चयन परीक्षा, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित प्रमुख परीक्षाओं में से एक है जो देशभर से लाखों युवाओं को आकर्षित करती है। इसलिए गृह मंत्रालय और कर्मचारी चयन आयोग ने हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने की सुविधा के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। तदनुसार एसएससी ने कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा 2024 को अंग्रेजी और हिंदी के अलावा 13 क्षेत्रीय भाषाओं में आयोजित करने के लिए अधिसूचना प्रकाशित की है। मंत्रालय का कहना है कि इस ऐतिहासिक निर्णय से देशभर के लाखों युवा अपनी मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा में इस परीक्षा में भाग ले सकेंगे जिससे उनके चयन की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसके परिणामस्वरूप पूरे देश में परीक्षार्थियों के बीच इस परीक्षा की पहुंच बढ़ेगी और सभी को रोजगार का समान अवसर भी मिलेगा। केंद्र सरकार की इस पहल से देशभर के युवाओं को अपनी मातृभाषा में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल (जीडी) परीक्षा में भाग लेने और देश सेवा में अपना करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।

कांग्रेस की समराला रैली में नवजोत सिद्धू को नहीं बुलाया

लुधियाना। कांग्रेस ने नवजोत सिद्धू को पंजाब में होने वाली समराला रैली के लिए आमंत्रित नहीं किया है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस की ओर से समराला में 11 फरवरी को आयोजित रैली के लिए पार्टी के स्टार नेता नवजोत सिंह सिद्धू को अभी तक कोई न्योता नहीं मिला है। सिद्धू के करीबियों का कहना है कि बिना न्योता सिद्ध रैली में कभी नहीं जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर पार्टी की ओर से उन्हें नहीं बुलाया जाता है तो सिद्धू लाबी कुछ बड़ा धमाका कर सकती है। सिद्धू की गैरमौजूदगी का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि समराला से लुधियाना तक लगाए गए बैनर और होर्डिंग्स से नवजोत सिद्धू गायब हैं। दरअसल शनिवार को जब पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग से नवजोत सिंह सिद्धू के समराला रैली में आने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। उधर, यह भी चर्चा चल रही है कि सिद्धू के एक करीबी सांसद कांग्रेस का दामन छोड़ तरनतारन में आयोजित होने वाली आम आदमी पार्टी की रैली में आप का दामन भी थाम सकते हैं।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी विस्फोट, सीएएफ का एक जवान घायल

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए एक आईईडी में रविवार को विस्फोट हो जाने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) का एक जवान घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, जिले में डुमरीपालनर और तिमेनार गांवों के बीच स्थित विस्फोट स्थल से पांच किलोग्राम वजन वाले तीन 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि यह विस्फोट सुबह करीब नौ बजे हुआ, जब सुरक्षाकर्मियों की एक टीम इलाके में गश्त पर निकली थी। उन्होंने बताया कि सीएएफ का एक जवान आईईडी के संपर्क में आ गया, जिससे विस्फोट हो गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''विस्फोट में, जवान के पैर में चोट लगी और उसे नेलसनार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे दंतेवाड़ा जिला अस्पताल भेज दिया गया।'' उन्होंने कहा कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से रायपुर ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने घटनास्थल से पांच किलोग्राम वजन वाली तीन आईईडी भी बरामद की और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। इलाके में खोजबीन अभियान चलाया जा रहा है।

अवैध रूप से रहने वाले दो बांग्लादेशी हुए गिरफ्तार

मुंबई। नवी मुंबई में अवैध रूप से रहने वाले दो बांग्लादेशी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में यह कार्रवाई की है। जानकरी के अनुसार नवी मुंबई शहर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दोनों आरोपियों कि उम्र 24 वर्ष है, जिन्हें शुक्रवार को पनवेल के नादवे में खिदुकपाड़ा गांव से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि एटीएस के एक दस्ते ने खिदुकपाड़ा इलाके के निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को एक चॉल में रहते हुए पाया। पूछताछ के दौरान कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्तियों के पास उनके नाम पर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और ड्राइविंग लाइसेंस थे। उनके खिलाफ शनिवार को पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम-1950 और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

सिक्किम :भीड़ में घुसे टैंकर ने 20 लोगों को रौंदा, 3 की मौत

गंगटोक। जिले के रानीपूल में बीती शाम एक तम्बोला कार्यक्रम में ट्रक के अचानक घुस जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि 20 लोग घायल भी हो गए, जिन्हें मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंगटोक के जिला मजिस्ट्रेट तुषार निखारे ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार शाम करीब 7 बजकर 30 मिनट पर रानीपुर में तंबोला कार्यक्रम चल रहा था। तभी कार्यक्रम में एक ट्रक वहां घुस गया, जिससे 3 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, सभी निगरानी में हैं।

पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी सहित अन्य बीजेपी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर आज देशभर में श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इसी क्रम में पीएम नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धंजलि देते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति और विरासत की दम पर देश को आगे बढ़ाया है। पीएम मोदी के अलावा अन्य भाजपा नेताओं ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट किया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी पुण्यतिथि पर देशभर के अपने परिवारजनों की ओर से शत-शत नमन। उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग दिखाया, जो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्रोत बना है। इस अवसर पर अन्य भाजपा नेताओं ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट कर उनको याद किया साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनके मूल्य हमेशा पार्टी के लिए मार्गदर्शक रहेंगे।

इधर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उपाध्याय का जीवन राष्ट्र सेवा और उसके प्रति समर्पण का एक विशाल प्रतीक है। शाह ने ककि कि उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूलभूत मूल्यों की उपेक्षा करके प्रगति नहीं कर सकता। पीएम ने कहा कि उन्होंने जो मार्ग दिखाया वो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्रोत बना है। बता दें कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी रहे उपाध्याय भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से थे। भारतीय जनसंघ से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गठन हुआ। मोदी दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानवतावाद' के विचारों को अपने शासन के मॉडल के लिए प्रेरणास्रोत मानते हैं।

इस अवसर पर भाजपा के अन्य नेताओं ने भी उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी।

मोदी सरकार की तारीफ करने से नहीं थक रहे कांग्रेस नेता पी चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम इन दिनों केंद्र की मोदी सरकार की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। जहां भी जाते हैं कुछ न कुछ सराहना जरुर करते हैं। हालांकि आखरी में संतुलन के लिए कुछ खामियां भी बता देते हैं। हाल ही में कोलकाता में आयोजित लिटरेचर फेस्टिव में शामिल हुए कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि इस सरकार को अगर कुछ लागू करना होता है तो बहुत अच्छे से करती है। मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि यह कहने में मुझे कोई दिक्कत नहीं। आपको बता दें कि चिदंबरम एक लिटरेचर फेस्टिव में शामिल होने के लिए कोलकाता पहुंचे थे, जहां उन्होंने ये बातें कही हैं। हालांकि, उन्होंने बाकी तमाम मुद्दों पर विरोध जताया है। चिदंबरम ने शनिवार को दावा किया कि पूरे देश पर डर हावी है और ये हालात लोकतंत्र के ठीक उलट हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय में उन्हें देश में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं मिला जो भय से मुक्त हो। उन्होंने कहा,'' पिछले 18 माह में मैं जहां भी गया, जिससे भी मैंने बात की मैंने पाया कि उनकी सोच पर भय हावी है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उनसे किसी कारोबारी, वकील, चिकित्सक या लघु उद्योग से जुड़े किसी व्यक्ति ने यह नहीं कहा कि वह जो चाहें बोल सकते हैं और कोई भी फिल्म बना सकते हैं। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, ''भारत में डर हावी है और यह लोकतंत्र के विपरीत है। जहां विचार भय रहित है, वहीं लोकतंत्र है।''

एनडीए के समर्थन पर बोले मांझी- मैं गरीब हूं पर बेईमान नहीं हूं

पटना(एजेंसी)। कल यानी सोमवार को बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार की अग्नि परीक्षा है। विधानसभा में फ्लोर टेस्ट होने से पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और एनडीए के सहयोगी जीतनराम मांझी को लेकर शंकाए व्यक्त की जा रहीं हैं। वजह ये है कि मांझी से मिलने भकपा माले के विधायक महबूब आलम मिलने पहुंचे थे। दोनों की तकरीबन आधे घंटे बातचीत की थी। इसके बाद बिहार की राजनीति में हलचल पैदा हो गई कि मांझी फ्लोर टेस्ट में एनडीए सरकार को गच्चा दे सकते हैं। शंका इसलिए भी बढ़ी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा प्रमुख जीतनराम मांझी एनडीए सरकार में एक मंत्री पद दिए जाने को लेकर कई बार मंचों पर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। इन्ही सवालों के बीच मांझी ने दावा करते हुए कहा कि एनडीए को समर्थन कर रहा हूं, गरीब हूं पर बेईमान नहीं हूं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि हमने 10 फरवरी को ही व्हिप जारी किया है और सभी चार विधायकों एनडीए गठबंधन को वोट देंगे और विधानसभा सदन में हाजिर रहेंगे। सरकार के पक्ष में अपने बात रखेंगे, बोलेंगे भी और मतदान की स्थिति

में एनडीए के समर्थन में मतदान भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ये बिल्कुल साफ है। मुझे राजनीति में 43-44 साल हो गए बहुत लोग आते हैं, मिलते हैं, मैं उनसे मना तो नहीं करता। उन लोगों से मुलाकात मात्र से अगर कोई भ्रामक बातें करते है तो वो जीतनराम मांझी को नहीं समझा है। हम बहुत पहले से बोल चुके हैं कि हम गरीब हो सकते हैं, लेकिन बेईमान नहीं हो सकते। मैं जहां हूं, वहीं रहूंगा और अंतिम वक्त तक वहीं रहूंगा।

भकपा माले के विधायक महबूब आलम मुलाकात पर बिहार सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि उन्हें मिलने दीजिए, इससे क्या फर्क पड़ता है। हम सोच रहे हैं कि अगर वो भी एनडीए सरकार में शामिल हो जाएं तो अच्छा होगा, बेकार में वो जंगल राज में फंसे हुए हैं। मीडिया से बात करते हुए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि देखिए हमारे पास बहुमत है और अगर कोई विधायक आना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई एनडीए सरकार के गठन के बाद प्रदेश की पूरी राजनीति बदल गई है। अब एनडीए सरकार को 12 फरवरी को बहुमत साबित करते हुए फ्लोर टेस्ट पास करना होगा। फ्लोर टेस्ट से पहले राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है और सभी दलों में पार्टी व्हिप जारी कर सभी विधायकों की बाड़ेबंदी शुरू कर दी है। इसी बीच बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने कहा कि मैं जहां हूं। वहीं रहूंगा। हम गरीब हो सकते हैं, लेकिन बेईमान नहीं हो सकते।

उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर लगाया आरोप, कहा- लोकसभा चुनाव में वोट पाने के लिए कर्पूरी ठाकुर को दिया भारत रत्न

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार से वोट हासिल करने के लिए नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किया है। शिवसेना के यहां एकत्रित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जन संघ ने सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) को 26 प्रतिशत आरक्षण देने के ठाकुर के फैसले का विरोध किया था। उन्होंने कहा, ''लेकिन अब भाजपा लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार से वोट हासिल करना चाहती है, इसलिए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है। मुझे खुशी है कि उनके (ठाकुर के) काम को इतने सालों के बाद मान्यता दी जा रही है।'' ठाकरे ने आगे कहा कि भाजपा ने डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन के

नाम को भारत रत्न के लिए नामित किया है लेकिन उनकी अध्यक्षता में गठित आयोग द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए की गई सिफारिशों को लागू करने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि जनता इस खोखलेपन को देख रही है। केंद्र सरकार ने इस साल पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी.नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक और भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ. एम.एस.स्वामीनाथन, समाजवादी नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लाल कृष्ण अडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है।

गृहमंत्री अमित शाह ने मैसुरु में मां चामुंडेश्वरी मंदिर में किए दर्शन पूजन

मैसुरु (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां चामुंडी हिल्स पहुंचे और मैसूरु की अधिष्ठात्री देवी चामुंडेश्वरी के दर्शन और पूजन किये। शाह के साथ केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र भी थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शाह ने पुजारियों द्वारा संस्कृत श्लोकों के उच्चारण के बीच चामुंडेश्वरी की पूजा करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की, जिन्हें नाद देवता (राज्य देवता) भी माना जाता है। शाह ने पूजा-अर्चना के बाद मंदिर की प्रदक्षिणा की।

चामुंडी या दुर्गा के नाम से जानी जाने वाली देवी शक्ति का उग्र रूप है और उन्होंने राक्षसों चंड और मुंड और भैंस के सिर वाले राक्षस महिषासुर का वध किया था। गृहमंत्री शाह के दौरे के लिए मंदिर के आसपास और शहर से मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अधिकारियों ने कहा कि 1,000 साल से अधिक पुराना यह मंदिर शुरू में एक छोटा मंदिर था और सदियां गुजरने के साथ ही इसका महत्व बढ़ गया और यह एक प्रमुख पूजा स्थल बन गया। उन्होंने कहा कि 1399 ईस्वी में मैसूरु महाराजाओं, वोडेयार के सत्ता में आने के बाद इसका महत्व बढ़ गया क्योंकि वे चामुंडेश्वरी के बड़े भक्त और उपासक थे।

केजरीवाल ने दिल्ली की सातों सीटों पर किया जीत का दावा

-लोगों ने कहा, क्या कांग्रेस संग नहीं होगा गठबंधन

नई दिल्ली (एजेंसी)। तरन तारन। लोकसभा चुनाव 2024 में दिल्ली की 7 सीटों पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगी या नहीं, इस पर संशय बरकरार है। आधिकारिक ऐलान नहीं होने के कारण महज कयास ही लगाए जा रहे हैं। ऐसे में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के तरनतारन में रैली के दौरान ऐलान किया कि दिल्ली के लोगों ने इस बार ठान लिया है कि दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें इस बार आम आदमी पार्टी को ही देंगे। इस बात के ये मायने निकाले जा रहे हैं कि दिल्ली में आप कांग्रेस से गठबंधन करने के मूड में नहीं है।

यहां आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को डर है कि केंद्र में आप की सरकार बन

जाएगी। आज की स्थिति में भाजपा सिर्फ और सिर्फ आम आदमी पार्टी से ही डरती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आम आदमी पार्टी तेजी से बढ़ी है। वैसे तो आप महज 10 साल का छोटा सा बच्चा है। इस छोटे बच्चे ने इतनी बड़ी पार्टी की नाक में दम कर रखा है। उन्होंने कहा कि आप उन्हें सोने नहीं देती। उन्हें नींद नहीं आ रही है। हम लोग उनके सपने में रात को भूत बनकर आते हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पंजाब में हमें काम करने से रोका जा रहा है, और वहां दिल्ली में ये लोग हमें रोक रहे हैं।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि आप जैसी एक छोटी सी पार्टी ने 10 साल के अंदर पंजाब और दिल्ली में सरकार बना ली है। वहीं दूसरी तरफ गुजरात और गोवा में विधायक बने हैं। जहां भी पार्टी उम्मीदवार चुनाव लड़ते हैं, वहां खूब सारे वोट उनके खाते में आते हैं। ऐसे में भाजपा को डर है कि यह पार्टी इसी तरह आगे बढ़ती रही तो एक दिन केंद्र में आम आदमी पार्टी की ही सरकार बन जाएगी। यहां केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की 30 साल से गुजरात में और 15 साल से मध्य प्रदेश में सरकार है, लेकिन एक भी स्कूल ठीक नहीं कर पाए हैं और ना ही बिजली व्यवस्था बेहतर कर पाए। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो वही काम करके दिखाएं. जो काम आम आदमी पार्टी करती है।

गांव चलो अभियान में सीएम धामी चंपावत के ठांटा गांव पहुंचे, लोगों से काम का फीडबैक लिया

चंपावत। उत्तराखंड में भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत दो दिवसीय दौरे पर सीएम धामी चंपावत के ठांटा गांव पहुंचे। यहां रात्रि विश्राम के बाद वह मॉर्निंग वॉक पर निकले। इस दौरन उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं के बारे में फीड बैक लिया। उन्होंने डेरी प्रोडक्ट प्रोसेसिंग यूनिट में कार्यरत स्थानीय महिलाओं से भी मिलकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। सीएम धामी ने कहा कि हमारी सरकार स्थानीय उत्पादों को वोकल फॉर लोकल अभियान से दुनिया मे नई पहचान दे रही है। सीएम धामी ने कहा कि लोगों से मिले सुझाव और विशेषकर मातृशक्ति के चेहरों पर सरकार के कामकाज के प्रति दिखे संतुष्टि के भाव से नई ऊर्जा प्राप्त हुई है और उनसे मिले असीम स्नेह व आशीर्वाद से मन अभिभूत है। गौरतलब है कि प्रदेश भाजपा ने गांव चलो अभियान को लेकर मुख्यमंत्री समेत सरकार में मंत्रियों एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की थी। 29 पार्टी पदाधिकारियों की प्रवास के गांव तय किए गए थे। पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदेश के 11729 बूथों पर 24 घंटे प्रवास कर रहे हैं। इस दौरान वे जनता के माध्यम केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं।

मोदी सरकार ने भारत रत्न देने में अटल सरकार का तोड़ा रिकॉर्ड

-15 दिनों में ही 5 लोगों को ?किया भारत रत्न देने का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्र की मोदी सरकार ने चुनावी साल में भारत रत्न सम्मान के बांटे जाने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। लागातार हो रही घोषणाओं में बीते 15 दिन में पांच बड़ी हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजने का ऐलान किया है। सम्मान पाने वालों में दो पूर्व प्रधानमंत्री, एक पूर्व उप प्रधानमंत्री, एक पूर्व मुख्य मंत्री के साथ ही एक जाने माने कृषि विशेषज्ञ शामिल हैं। हालांकि इसमें चार को मरणोपरांत यह सम्मान दिया जा रहा है। इन पांचों नामों की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद की है। हाल ही में जिन पांच लोगों को भारत रत्न देने का ऐलान हुआ है, उनमें पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा हुई है। इससे पहले लाल कृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की थी।

यदि 1999 में अटल सरकार का जिक्र करें तो अटल सरकार ने 4 हस्तियों को भारत रत्न सम्मान दिया था। लेकिन सबसे खास बात ये है कि इस साल जिन लोगों को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है उनमें दो नेताओं का संबंध बाबरी मस्जिद- राम मंदिर विवाद से है तो वहीं दो नेताओं का संबंध किसान और ओबीसी समाज से है। जबकि इनमें से एक एमएस स्वामीनाथन बड़े कृषि वैज्ञानिक हैं। यहां गौरतलब है कि भारत रत्न सम्मान एक कैटेगरी में एक साथ तीन से ज्यादा शख्सियतों को नहीं दिया जा सकता। यह देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है जो किसी क्षेत्र में असाधारण और सर्वोच्च सेवा का प्रतीक है। भारत रत्न सम्मान राजनीति, कला, साहित्य, विज्ञान के क्षेत्र में किसी विचारक, वैज्ञानिक, उद्योगपति, लेखक और समाजसेवी को दिया जाता है।

बता दें कि भारत रत्न सम्मान की शुरूआत तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने दो जनवरी 1954 को की थी। उस समय स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी, पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन को 1954 में पहली बार इस सम्मान से नवाजा गया था।

अब जिनको भारत रत्न मिला, उनके बारे में.....

चौधरी चरण सिंह किसानों और जाटों के सबसे बड़े नेताओं में से एक हैं। एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार में जन्में चौधरी चरण सिंह भारत के प्रधानमंत्री रहे हैं। वह 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक जनता पार्टी सरकार में लगभग 5 महीने प्रधानमंत्री रहे। जबक दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। वह पहली बार 1937 में छपरौली से यूपी विधान सभा के लिए चुने गए थे। चौधरी चरण सिंह का निधन 29 मई 1987 को हुआ था कृषक समुदायों के साथ उनके आजीवन जुड़ाव के कारण नई दिल्ली में उनके स्मारक का नाम किसान घाट रखा गया था।

पी.वी. नरसिंम्हा राव का जन्म 28 जून 1921 को करीमनगर में हुआ था। उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय, मुंबई विश्वविद्यालय एवं नागपुर विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई की। पेशे से कृषि विशेषज्ञ एवं वकील श्री राव राजनीति में आए और आंध्र प्रदेश सरकार में अनेक विभागों में मंत्री रहने के बाद 1971 से 73 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। वहीं केन्द्र सरकार में मंत्री रहने के बाद वह 1991 से 1996 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहे। राव संगीत, सिनेमा एवं नाटकशाला में रुचि रखते थे। भारतीय दर्शन एवं संस्कृति, कथा साहित्य एवं राजनीतिक टिप्पणी लिखने, भाषाएं सीखने, तेलुगू एवं हिंदी में कविताएं लिखने एवं साहित्य में उनकी विशेष रुचि थी।

महान वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। उन्होंने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों से 81

मानद डॉक्टरेट उपाधियां प्राप्त की थीं। उन्होंने देश के लगभग सभी प्रधानमंत्रियों के साथ अपना योगदान दिया। वह 2007-13 की अवधि के लिए संसद (राज्य सभा) के सदस्य (नामांकित) हुए। स्वामीनाथन को मिले अन्य पुरस्कारों में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार, विश्व खाद्य पुरस्कार, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार, पद्म श्री (1967), पद्म भूषण (1972), पद्म विभूषण (1989) आदि शामिल हैं।

सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने दूसरी बार जीता दक्षिण अफ्रीकी 20 खिताब

जोहांसर्ग (एजेंसी)। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जाइंट्स को 89 रन से हराकर दूसरी बार दक्षिण अफ्रीकी 20 खिताब जीता है। इस प्रकार लीग के पहले सत्र में भी सनराइजर्स को शानदार जीत मिली है। सनराइजर्स की जीत में मार्को यानसेन की अहम भूमिका रही। यानसेन ने खिताबी मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 204 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए डरबन टीम 17 ओवर में 115 रन ही बना पायी। मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज यानसेन ने चार ओवर में 30 रन देकर पांच खिलाड़ियों को आउट किया। उन्होंने लीग में सबसे ज्यादा 20 विकेट लिए।

इस मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाया। कप्तान एडेन मार्कराम ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए तीन चौकों और दो छक्कों की सहायता से 42 रन बनाये जबकि प्लेयर आफ द मैच बने टॉम एबेल ने 55 रन बनाये। वहीं ट्रिस्टान स्टब्स ने 56 रनों की पारी खेली। वहीं डरबन की ओर से कप्तान केशव महाराज ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये पर अन्य गेंदबाज विकेट नहीं ले पाये। सनराइजर्स की ओर से सलामी बल्लेबाज जोर्डन हर्नान ने 42 रन जबकि एबेल ने दूसरे विकेट के लिए साझेदारी करते हुए 90 रन बटोरे। । इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए डरबन की शुरूआत अच्छी नहीं रही। उसके तीन बल्लेबाज चौथे ओवर में ही आउट हो गये। क्विंटोन डिकॉक तीन रन ही बना पाये। वहीं मैथ्यू ब्रीज्के भी 18 रन ही बना पाये। जेजे स्मट्स को यानसेन ने पेवेलियन भेजा। डरबन की ओर से केवल तीन खिलाड़ी ही दो अंकों तक पहुंच पाये। वियान मूल्डर ने सबसे अधिक 38 रन बनाये। वहीं ड्वेन प्रटोरियस ने 28 और जूनियर डाला ने 15 रन बनाये।

चेन्नई ओपन टेनिस में नागल और नारदी के बीच होगा खिताबी मुकाबला

चेन्नई (एजेंसी)। भारत के सुमित नागल चेन्नई ओपन टेनिस के पुरुष एकल के फाइनल में पहुंच गये हैं। सुमित ने सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के डेलिबोर स्विरसीना को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। ये मुकाबला करीब दो घंटे तक चला। अब खिताबी मुकाबले में नागल का सामना इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लुका नारदी से होगा।

वहीं एक अन्य सेमीफाइलन मुकाबले में नारदी ने चीनी ताइपे के गैर वरीय खिलाड़ी चुन सीन त्सेंग को कड़े संघर्ष के बाद 6-4, 4-6, 7-6 (6) से हराया। ये मुकाबला करीब तीन घंटे तक चला। वहीं पुरुष युगल फाइनल में भारत के साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन ने जीत दर्ज की। इस जोड़ी ने फाइनल में ऋत्विक बोल्लिपल्ली और निकी पूनाचा को 3-6, 6-3, 10-5 से हराया।

ओटनील को टी20 विश्व कप टीम में शामिल करें : स्टेन

जोहांसबर्ग (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने एसए 20 लीग में बेहतर प्रदर्शन के लिए ओटनील बार्टमैन की प्रशंसा की है। ओटनील ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओर से खेलते हुए एसए 20 लीग के दूसरे सत्र के क्वालीफायर में डरबन के सुपर जाइंट्स के खिलाफ लगातार दो विकेट लिए थे। स्टेन ने कहा कि 2024 टी20 विश्व कप टीम में बार्टमैन को शामिल किया जान चाहिये। उन्होंने कहा कि कैरेबियाई हालातों में वह अहम भूमिका निभा सकता है। स्टेन ने कहा कि ओटनील , कसीगो रबाडा, एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे और अन्य के साथ किसी भी टीम पर हावी हो सकते हैं। इसलिए चयनकर्ताओं को उस पर नजर रखनी चाहिए, वह दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। इसके साथ ही डेथ ओवरों और पावरप्ले में भी गेंदबाज कर सकता है।

इसके अलावा स्टेन ने कहा कि जिस प्रकार वह गेंदबाजी करता है उससे वह भारतीय टीम के मो शमी जैसा नजर आता है। स्टेन से बार्टमैन की निरंतरता के बारे में पूछा गया तो वह हैरान रह गए और उन्होंने बार्टमैन की गेंदबाजी में सटीकता के कारण उनकी तुलना शमी से की। स्टेन ने कहा कि मैंने किसी अन्य दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज में ऐसी सीम

पोजीशन कभी नहीं देखी, वह बिल्कुल शमी जैसा लगाता है। तेज गेंदबाजी का सबसे अहम हिस्सा आपकी कलाई की स्थिति है और आप गेंद की सीम को कहां गिरा रहे हैं, और जब मैं बार्टमैन को देखता हूं तो वह शमी के समान गेंदबाजी करता है। शमी सीम और कलाई के जरिये ही खेल पर नियंत्रण करता है। स्टेन ने कहा कि नॉर्टजे और कैगिसो रबाडा सभी अन्य महान गेंदबाजों के करीब हैं लेकिन जो बात बार्टमैन को अलग करती है वह उसकी सीम स्थिति और डिलीवरी की सटीक लंबाई है। जिस तरह से उन्होंने क्वॉलिफायर में क्वॉलिटी गेंदबाजी की वह बेहतरीन थी। ओटनील बार्टमैन ने एसए20 सीज़न 2 में केवल 7 मैचों में 12.18 की शानदार औसत से 16 विकेट अपने नाम किए हैं।

चौथे टेस्ट में बुमराह को मिल सकता है आराम



मुम्बई (एजेंसी)। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर हो सकते हैं। इसका कारण है कि टीम प्रबंधन उन्हें आराम दे सकता है। बुमराह पिछले कुछ समय से लगातार खेल रहे हैं। ऐसे में कार्यभार प्रबंधन के तहत ये फैसला लिया जा सकता है। तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से गुजरात के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशसन स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें वह खेलेंगे पहले कहा जा रहा था कि उन्हें तीसरे टेस्ट में आराम दिया जाएगा। वहीं अब एक रिपोर्ट के अनसार अनुसार बुमराह को चौथे टेस्ट के लिए ब्रेक दिया जा सकता है पर पांचवे और अंतिम टेस्ट में शामिल किया जा सकता है। चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन ने यह फैसला किया है कि बुमराह को रांची टेस्ट के लिए आराम दिया जाए। वह अगर चौथे टेस्ट में टीम से बार हुए तो मोहम्मद सिराज की टीम में वापसी हो सकती है। सिराज दूसरे टेस्ट से बाहर रहे थे।

बुमराह को दूसरे टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी मिला था। बुमराह की गेंदबाजी से ही भारतीय टीम को जीत हासिल करने में सहायता मिली थी।

आखिरी 3 टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है: रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

डब्ल्यूपीएल या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में से कोई एक खेलें महिला क्रिकेटर : ईसीबी

लंदन । इंग्लैंड ओर वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा है कि महिला क्रिकेटर डब्ल्यूपीएल 2024 और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में से कोई एक खेलें । इसका कारण है कि 23 फरवरी से शुरु हो रहे डब्ल्यूपीएल के नॉकआउट मैचों के दौरान इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के साथ टी20 सीरीज खेलनी है । ईसीबी के अनुसार डब्ल्यूपीएल के नॉकआउट मैचों के दौरान टीम को न्यूजीलैंड के साथ टी20 सीरीज खेलनी है जिसके लिए खिलाड़ियों का उपलब्ध होना जरुरी है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय सीरीज या फ्रेंचाइजी क्रिकेट में से किसी एक का चयन खिलाड़ियों को करना होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार ईसीबी ने कहा कि कि डब्ल्यूपीएल में खेलने वाली खिलाड़ियों के नाम पर न्यूजीलैंड में पहले तीन टी20 के लिए टीम चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा । ईसीबी इस दौरे के लिए अगले हफ्ते टीम घोषित कर सकता है । इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला प्रीमियर लीग का कार्यक्रम घोषित किया था। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से शुरु होगा । इसमें पहला मैच मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स में खेला जाएगा । ये मुकाबला मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में जबकि फाइनल मुकाबला 17 मार्च को नई दिल्ली में होगा ।

हरमनप्रीत के दो गोल, भारत ने स्पेन को 4-1 से हराया

भुवनेश्वर (एजेंसी)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में स्पेन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। हरमनप्रीत ने सातवें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला और इसके बाद 20वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। अपना 199वां मैच खेल रहे हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कार्नर पर अपने गोल की संख्या 150 पर पहुंचा दी है। जुगराज सिंह ने भी अच्छा खेल दिखाया और उन्होंने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत की तरफ से तीसरा गोल किया। ललित कुमार उपाध्याय ने 50वें मिनट में गोल करके भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। स्पेन की तरफ से एकमात्र गोल 34वें मिनट में मार्क मिरालेस ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

रुतुराज, कॉनवे जैसी सलामी जोड़ी का लाभ सीएसके को मिला : गावस्कर

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसके पास सलामी जोड़ी के रुप में रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे जैसे शानदार बल्लेबाज हैं । आईपीएल में रुतुराज और कॉनवे का शानदार काफी अच्छा रहा है । न्यूजीलैंड के कॉनवेने 16 मैचों में 139.70 की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए हैं, वहीं रुतुराज ने 147.50 की स्ट्राइक रेट से 590 रन बनाए हैं । सीएसके की बल्लेबाजी की ताकत को लेकर गावस्कर ने कहा कि उसके पास हमेशा से ही बेहतरीन बल्लेबाज रहे हैं । उसके ये बल्लेबाज पहली ही गेंद से विरोधी टीम पर दबाव बनाने लगते हैं जिसका लाभ सीएसके को मिलता है । इसके अलावा उसके पास अच्छ फिनिशर भी हैं। गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे का बाएं और दाएं हाथ का संयोजन भी टीम के लिए फायदेमंद रहा है । टीम के पास लीग में सबसे बेहतर सलामी जोड़ी है । इसी कारण टीम को हमेशा अच्छी शुरुआत मिलती रही है। इससे आने वाले खिलाड़ियों पर दबाव घटता रहा है । रुतुराज और कॉनवे ने कई अहम साझेदारियां की जिसका भी लाभ उसे मिला है। दिल्ली कैपिटल्स के सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उन्होंने 141 रन की साझेदारी की। गावस्कर ने साथ ही कहा कि सीएसके की बल्लेबाजी में गहराई होने के अलावा वह लक्ष्य का पीछा करने में भी माहिर है ।

मैक्सवेल के शतक की बदौलत आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टी20 श्रृंखला

एडीलेड (एजेंसी)। आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल (नाबाद 120 रन) के रिकॉर्ड बराबरी वाले शतक से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे ट्वेंटी20 मैच में वेस्टइंडीज को 34 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। मैक्सवेल ने 55 गेंद की पारी के दौरान आठ छक्के और 12 चौके जमाये। उन्होंने टिम डेविड (14 गेंद में 31 रन) के साथ 92 रन की साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को चार विकेट पर 241 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद की। यह मैक्सवेल का पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक है जिससे उन्होंने भारतीय स्टार रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने पहले सात ओवर में पांच

विकेट गंवा दिये। कप्तान रोवमैन पावेल (36 गेंद में 63 रन) और आंद्रे रसेल (16 गेंद में 37 रन) ने उम्मीद जगायी। लेकिन लक्ष्य इतना पड़ा था कि टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मार्कस स्टोइनिस ने 36 रन देकर तीन और पदार्पण कर रहे स्पेंसर जॉनसन ने 39 रन देकर दो विकेट झटके। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को होबार्ट में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 11 रन से हराया था। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आस्ट्रेलिया का स्कोर भी हालांकि 6.4 ओवर के बाद तीन विकेट पर 64 रन था। पर मैक्सवेल ने स्टोइनिस (15 गेंद में 16 रन) के साथ 82 रन की भागीदारी निभाने के बाद टिम डेविस के साथ 92 रन जोड़े।

आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में 25 रन बने। मैक्सवेल ने 50 गेंद में शतक जड़ दिया जो आस्ट्रेलिया में किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज शतक है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसोऊ के 2022 विश्व कप के दौरान बांग्लादेश के खिलाफ 52 गेंद में बनाये गये शतक के प्रदर्शन को पीछे छोड़ा। श्रृंखला का तीसरा टी20 मैच मंगलवार को पर्थ में खेला जायेगा।

मैसी के नहीं खेलने से नाराज दर्शकों को टिकट की पचास फीसदी राशि लौटाएगी आयोजन समिति



नई दिल्ली । अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनन मैसी के हांगकांग में एक मैच में नहीं उतरने से विवाद गहरा गया है । इस मैच को देखने आये दर्शकों ने हंगामा कर दिया । जिसके बाद आयोजकों ने प्रशंसकों को टिकट की पचास फीसदी राशि वापस देने की पेशकश की है । हांगकांग में हुए इस फुटबॉल मैच के दौरान मैसी को देखने के लिए बड़ी तादाद में लोग आये थे पर उसे न पाकर से निराश हो गये । मेसी का मैच में उतरना था पर वह चोट के कारण पूरे समय तक बेंच पर बैठे रहे । इस मामले को लेकर आयोजकों ने सोशल मीडिया पर लोगों से माफी मांगी । इस मामले में आयोजकों ने मेसी से भी कहा था कि वह दर्शकों को समझाने का प्रयास करें । अनुबंध के अनुसार मेस्सी को 45 मिनट तक खेलना था पर वह चोटिल होने के कारण ऐसा नहीं कर पाये । आयोजक ने कहा, ''एक आयोजक ने कहा कि वह सरकार से चर्चा कर रहा है कि इस मामले को कैसे हल किया जाये और 50 फीसदी राशि वापस दी जाये । साथ ही कहा कि ये राशि अगले माह तक वापस देने की घोषणा हो जाएगी । आयोजक ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास नहीं कर रहे ।

एथलीट निर्मला श्योराण का करियर हुआ समाप्त, डोपिंग मामले में लगा आठ साल का प्रतिबंध

नई दिल्ली (एजेंसी)। एथलीट निर्मला श्योराण पर डोपिंग मामले में दोषी साबित पाये जाने के बाद आठ साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। निर्मला को जांच में प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाया गया था। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने उनपर ये प्रतिबंध लगाया है। इससे अब निर्मला का करियर एक प्रकार से समाप्त हो गया है। निर्मला पर इससे पहले भी 2018 में डोपिंग उल्लघंन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया था। इसके बाद इस खिलाड़ी ने पिछले साल जून में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप से वापसी की थी।

नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने अपने एक आदेश में निर्मला को सात अगस्त 2023 से आठ साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। नाडा से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें 'एनाबोलिक एंड्रोजेनिक स्टेराइड' और 'टेस्टोस्टेरोन' के सेवन का दोषी पाया गया था। निर्मला ने 2017 एशियाई चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था पर डोपिंग के बाद उनका स्वर्ण पदक वापस ले लिया गया था। । ऐसे में उसके निलंबन से खेल को नुकसान हुआ है। इस खिलाड़ी ने साल 2016 रियो ओलंपिक में 400 मीटर और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में हिस्सा लिया था।

जल्द ही दर्शनों के लिए अयोध्या जाउंगा : केशव महाराज

केपटाउन । भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज ने कहा है कि जब भी वह भारत दौरे पर जाएंगे तो अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में दर्शनों के लिए जरुर जाएंगे । केशव महाराज अपने धर्म और संस्कृति से जुड़े हुए हैं । इसी कारण जब भी वह मैदान पर पहुंचते हैं तो डीजे से 'राम सियाराम की धुनें बजने लगती हैं । यहां तक कि ये क्रिकेटर अपने बल्ले पर भी ओम का स्टिकर लगाते हैं । इस क्रिकेटर का कहना है कि वह जल्द ही अयोध्या जाना चाहते हैं । साथ ही कहा कि धर्म और अध्यात्म से कठिन हालातों से निकलने में उन्हें सहायता मिलती है। केशव ने कहा कि मैं काफी धार्मिक और अध्यात्म में रूचि रखने वाले परिवार से हूं । धर्म और अध्यात्म मुझ पर थोपे नहीं गए पर मैं महसूस करता हूं कि कठिन हालात में यह मुझे मार्गदर्शन और एक दृष्टिकोण देते हैं । मैं अपनी आस्था से काफी जुड़ा हुआ हूं । गौरतलब है कि केशव के परदादा उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से साल 1874 में मजदूरी के लिए डरबन आए थे और उसके बाद वहीं बस गये । केशव ने कहा कि मैं घर पर सारे त्योहार मनाता हूं और सभी को संदेश देता हूं कि जीवन में कोई ना कोई आस्था जरूर होनी चाहिए । अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से वह इतने उत्साहित थे कि उसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी उन्होने कई पोस्ट किये थे । उन्होंने कहा कि मैं भगवान राम का अनन्य भक्त हूं और वह खास दिन था । इतने बड़े पैमाने पर ऐसा कुछ होना बहुत विशेष था । दुनिया में हर जगह ऐसा नहीं होता और मुझे खुशी है कि यह हुआ ।



धोनी से सीखना चाहते हैं उभरते क्रिकेटर अवनीश

–सीएसके से खेलने को लेकर हैं उत्साहित

बेनोनी (एजेंसी)। भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेली अवनीश राव कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेलने को लेकर उत्साहित हैं। अवनीश को पिछले महीने हुई आईपीएल नीलामी में सीएसके ने 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर खरीदा था। इस क्रिकेटर ने कहा कि मुझे एक बार तो भरोसा ही नहीं हुआ था कि सीएसके ने मुझे शामिल किया है। मुझे पहले विश्वास करने में समय लगा। उन्होंने कहा कि अब मैं धोनी और सीएसके की ओर से बेहतर प्रदर्शन कर उसे गौरवान्वित करना चाहता हूं। साथ ही कहा कि सीएसके और धोनी सर की कप्तानी में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है। मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा है। अवनीश ने कहा कि मैं बचपन से ही क्रिकेटर बनना चाहता था। शुरुआत से ही मैच देखते देखते मेरी रूचि इस खेल में बढ़ गई। वह अब जल्दी से सीएसके का हिस्सा बनकर धोनी से बहुत कुछ सीखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं दबाव के हालात में दृढ रहना उनसे सीखना चाहता हूं। जब टीम अच्छा नहीं खेल रही हो, ऐसे में वह कैसे टीम को संकट से निकालते हैं और मैच जिताते हैं ये मुझे उनसे सीखना है। विश्व कप 2011 की उनकी मैच विजेता पारी से काफी कुछ सीखने को मिला है। नवंबर में 4 देशों की श्रृंखला में 376 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 93 गेंद में 163 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने वाले इस क्रिकेटर ने विजय हजारे ट्रॉफी के जरिए लिस्ट ए क्रिकेट में हैदराबाद के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने कहा कि मैं धोनी से स्पिनरों के सामने विकेटकीपिंग का कौशल भी सीखना चाहता हूं। इस क्रिकेटर के आदर्श हालांकि ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबा एडम गिलक्रिस्ट हैं जिनके वीडियो वह आम तौर पर देखते रहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पसंदीदा क्रिकेट गिलक्रिस्ट हैं। मैंने उनके वीडियो देखकर बहुत कुछ सीखा है। खेल की उनकी समझ और हर हालात में आत्मविश्वास बनाए रखना काबिले तारीफ है। मैं अवसर मिलने पर उनसे जरुर मिलना चाहूंगा।

ब्लैक टॉप में कृति तो व्हाइट टॉप में शाहिद की बीवी मीरा ने ढाया कहर

स्क्रीनिंग में लगा इन सितारों का मेला

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फिल्म इन दिनों जमकर लाइमलाइट लूट रही हैं। शाहिद और कृति की जोड़ी के साथ-साथ आपको एक के बाद एक ढेर सारे ट्विस्ट इस फिल्म में देखने के लिए मिलेंगे। फिल्म कल रिलीज हो रही है। ऐसे में आज सितारों के लिए खास स्क्रीनिंग रखी गई। जैकी-रकुल से लेकर स्टार कास्ट के परिवार तक, ढेर सारे सितारों की महफिल लगी। सभी की तस्वीरें सामने आ गई हैं। आप भी देखें तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की स्क्रीनिंग पर कौन-कौन पहुंचा।

कृति और नुपुर सेनन

- कृति और नुपुर स्क्रीनिंग में एक साथ नजर आईं। जहां कृति ने लेदर जींस के साथ स्टाइलिश टॉप पहना हुआ है। वहीं, उनकी बहन नुपुर प्रिंटेड आउटफिट में दिखाई दे रही हैं। दोनों का लुक बिल्कुल अलग और कमाल नजर आ रहा है।

शाहिद कपूर

- इस बात में कोई शक नहीं है कि शाहिद का लुक हमेशा कमाल होता है। आज एक्टर ने ऑल ब्लैक लुक लिया। साथ में जूते भी काले रंग के पहने दिखे। गले में उन्होंने एक लॉकेट पहना है, जो उनके अंदाज को और भी खास बना रहा है।

मीरा राजपूत

- अपने हसबैंड को सपोर्ट करते के लिए मीरा राजपूत भी स्क्रीनिंग में पहुंची। इस दौरान उनका आउटफिट बहुत स्टाइलिश नजर आ रहा है। व्हाइट टॉप के साथ मीरा ने खास तरीके के पेंट्स कैरी किए हैं। वहीं, हाथ में घड़ी और कानों में छोटे-छोटे इयररिंग्स पहने हैं।

रकुल और जैकी

- रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी भी शादी की खबरों के बीच एक साथ नजर आए। जहां रकुल ने पीली रंग की ड्रेस पहनी हुई है। तो वहीं, जैकी भी सिंपल लुक में हैंडसम दिखाई दे रहे हैं।

कुणाल खेमू

- बिंदास अंदाज के लिए फेमस कुणाल खेमू में स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान वो अकेले दिखाई दिए। उनके लुक की बात करें तो वो बहुत डैशिंग दिखाई दे रहा है।

ईशान खट्टर

- अपने भाई शाहिद के साथ ईशान बहुत खास बॉंड शेयर करते हैं। ऐसे में वो भी इवेंट के दौरान पहुंचे। हमेशा की तरह अभिनेता हैंडसम दिखाई दे रहे हैं।

एजाज खान

- एजाज खान का लुक भी बाकी सितारों की तरह कम नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने पेंट और शर्ट के साथ कोर्ट पहना है। ब्लैक और व्हाइट के कॉंबिनेशन में वो शानदार दिखाई दिए।

जाह्नवी कपूर ने फैशन गेम में मारी बाजी

जाह्नवी कपूर ऐसे तो अक्सर ही अपने गुड लुक्स और स्टाइलिश अंदाज को लेकर लाइमलाइट का हिस्सा बनी रहती हैं। लेकिन इस बार एक्ट्रेस ने अपने स्टाइल के साथ-साथ अदाओं का जलवा भी दिखाया है। हाल ही में एक्ट्रेस, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुई थीं। जहां एक्ट्रेस ने ग्रे कलर का बॉसी आउटफिट पहन शिरकत की थी। जाह्नवी कपूर के लेटेस्ट लुक की फोटोज और वीडियोज जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

जाह्नवी कपूर अदाकारी के साथ-साथ अपनी अदाओं के लिए भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। जाह्नवी ने हाल में भी कुछ ऐसा ही किया है। शाहिद-कृति की फिल्म स्क्रीनिंग पर जाह्नवी कपूर ने अपने स्टाइल से लाइमलाइट लूट ली है। एक्ट्रेस ग्रे कलर के ऑफ शॉल्डर के साथ मैचिंग पैंट्स पहने खूब स्टाइलिश अंदाज में नजर आईं, साथ ही जाह्नवी ने हाथ में एक जैकेट भी कैरी की हुई थी।

जाह्नवी कपूर ने सिजलिंग ग्रे आउटफिट के साथ सटल मेकअप और लाइट कलर का लिपशेड कैरी किया था। साथ ही एक्ट्रेस ने अपने बालों को बीच से पार्टिशन देकर वेवी लुक में ओपन छोड़ा था।

सुनहरे बाल, बड़ी-बड़ी आंखों में चमक के साथ जाह्नवी कपूर कयामत ढाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की स्पेशल स्क्रीनिंग से यह नया लुक सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

नक्सलियों के खिलाफ मैदान में उतरीं अदा

'द केरला स्टोरी' फेम एक्ट्रेस अदा शर्मा की अगली फिल्म 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी' का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें वो आईपीएस ऑफिसर नीरजा माधवन के रोल में नजर आ रही हैं जो नक्सलियों के खिलाफ युद्ध छेड़ चुकी हैं। टीजर में आईपीएस नीरजा नक्सलियों पर कहती हैं, 'बस्तर में हमारे 76 जवानों को नक्सलियों ने बड़ी क्रूरता से मारा था और तब इसका जश्न मनाया गया जेएनयू में। सोचिए हमारी देश की इतनी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी हमारे जवानों की शहादत पर जश्न मनाती है। कहां से आती है ऐसी सोच? बस्तर में भारत के टुकड़े करने की साजिश कर रहे हैं ये नक्सली और उनका साथ दे रहे हैं बड़े शहरों में बैठे ये लेफ्ट, लिबरल, सूडो इंटेलेक्चुअल्स। इन वामपंथियों को सड़क पर खड़ा कर सरे आम गोली मार दूंगी.. चढ़ा देना फांसी पर..।' अपने ऑफिस में सोल्जर एट वॉर लुक में बैठीं नीरजा कहती हैं, 'पाकिस्तान से हुए हमारे 4 युद्ध में हमारे 8 हजार 738 जवान शहीद हुए, लेकिन क्या आपको पता है कि हमारे देश के अंदर ही नक्सलियों ने हमारे 15 हजार जवानों की हत्या की है?' टीजर में नीरजा जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी पर भी बात करती हैं। फिल्म के इस 1 मिनट 14 सेकेंड के अदा काफी दमदार नजर आईं। उनके अलावा फिल्म में इंदिरा तिवारी, विजय कृष्णा, यशपाल शर्मा, राइमा सेन और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

रणबीर की रामायण में जाह्नवी की एंट्री!

एनिमल के बाद रणबीर कपूर अपनी अगली फिल्म रामायण को लेकर खबरों में हैं। फैंस अब रणबीर को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की भूमिका में देखने को बेताब हैं। इस बीच अब फिल्म में सीता के रोल के लिए नई एक्ट्रेस की एंट्री की खबर आई है। रामायण को लेकर अब तक जानकारी थी कि फिल्म राम का किरदार रणबीर कपूर निभाएंगे। हनुमान के रोल में सनी देओल होंगे और सीता का पार्ट निभाने के लिए साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी का नाम सामने आ रहा था। लेकिन अब खबरें हैं कि सीता की भूमिका के लिए चुनी गई साई पल्लवी अब फिल्म से बाहर हो गई हैं और उनकी जगह जाह्नवी कपूर की एंट्री हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, सीता के रोल से साई पल्लवी का पत्ता कट गया और उनकी जगह बॉलीवुड की एक बोल्ड एक्ट्रेस ने ली है। फिल्म को लेकर जैसे ही ये खबर सामने आई, ये जंगल में आग की तरह फैल गई। रामायण में सीता का किरदार साई पल्लवी की जगह अब एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर निभाएंगी। एक भरोसेमंद सूत्र ने फर्स्ट पोस्ट को जानकारी दी है कि रामायण में सीता का किरदार जाह्नवी कपूर निभा रही हैं, ना कि साई पल्लवी। रामायण के डायरेक्टर नितेश तिवारी पहले भी फिल्म बवाल में जाह्नवी कपूर के साथ काम कर चुके हैं। ऐसे में उन्हें सीता के रोल के लिए एक्ट्रेस बिल्कुल परफेक्ट फिट लगीं और इस वजह से मेकर्स ने सीता के रोल के लिए जाह्नवी को चुन लिया है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की तरफ से अभी आधिकारिक घोषणा करना बाकी है।

वर्दी में किसिंग सीन करना ऋतिक-दीपिका को पड़ा भारी

दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन स्टारर फिल्म फाइटर सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और फिल्म को दर्शकों का रिस्पांस भी ठीक ठाक मिल रहा है। फिल्म में ऋतिक और दीपिका वायुसेना के जवान के रूप में एक्शन दिखाते हुए नजर आ रहे हैं जो फैन्स को काफी पसंद आ रहा है। लेकिन फिल्म अब नए विवाद में फंस गई है। दरअसल, फिल्म फाइटर भारतीय वायुसेना के जवान पर आधारित है और फिल्म में कुछ सीन को लेकर वायुसेना के अधिकारी ने आपत्ति जताई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक अधिकारी ने फिल्म निर्माताओं को कानूनी नोटिस दिया है। फिल्म में ऋतिक और दीपिका आईएएफ ऑफिसर के किरदार में नजर आ रहे हैं और उनके कई किसिंग और इंटीमेट सीन हैं। रिपोर्टों के अनुसार, फाइटर में एक चुंबन दृश्य, जिसमें मुख्य कलाकार वायु सेना की वर्दी में हैं, की आईएएफ अधिकारी ने आलोचना की है और उन्होंने प्रोडक्शन टीम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। कथित तौर पर, अधिकारी का तर्क है कि चुंबन को चित्रित करना, खासकर जब पात्र सैन्य पोशाक में हों, वर्दी से जुड़ी गरिमा और सम्मान के प्रति अपमानजनक है।

खुद को फिट रखने चक्रासन करती करीना

करीना कपूर खान अपनी फिटनेस और लुक्स के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री खुद को फिट रखने योग करती हैं। चक्रासन उनका पसंदीदा और प्यारा योग है। करीना कपूर को चक्रासन करते देखा जा सकता है। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। करीना कपूर खान बॉलीवुड की फिटनेस फ्रीक एक्ट्रेस में से एक हैं और हमेशा खुद को फिट रखना भी पसंद करती हैं। वह अक्सर अपना फिटनेस रूटीन सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। वहीं आज भी करीना ने अपने पसंदीदा आसन का खुलासा करते हुए एक फोटो शेयर की है। करीना कपूर खान अपनी छत पर वर्कआउट करते नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर जैसे की ये तस्वीरे एक्ट्रेस ने शेयर की तो उनके फैंस उनकी तारीफ करने लगे। करीना फिटनेस के लिए सबसे ज्यादा योगा करना पसंद करती हैं। करीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें हम उन्हें आसन करते हुए देख सकते हैं और इसे एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया, 'चक्रासन मेरा प्यार है।' फोटो में एक्ट्रेस ने ग्रे कलर के क्रॉप टॉप के साथ ब्लैक और व्हाइट कलर का जॉगर्स पैंट पहना हुआ है। सोमवार को एक्ट्रेस को ब्लू स्वेटशर्ट पहने हुए भी स्पॉट किया गया। करीना कपूर खान अपने शानदार फैशन के लिए भी जानी जाती हैं। चाहे फिर वह ग्लैमरस रेड कार्पेट पर हो या कैजुअल डिनर आउटिंग्स, वह हमेशा अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' की रिलीज को लेकर करीना कपूर बिजी है।

पोचर की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर बनीं आलिया

बॉलीवुड की कामयाब एक्ट्रेस में से एक आलिया इन दिनों एक्ट्रेस के साथ-साथ प्रोड्यूसर भी बन चुकी हैं। 2022 की ओटीटी फिल्म डार्लिंग्स से बतौर प्रोड्यूसर करियर शुरू करने के बाद अब आलिया भट्ट अपकमिंग सीरीज पोचर की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर बन चुकी हैं। इस सीरीज को इसी महीने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज किया जाएगा। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फिल्म से आलिया के जुड़ने की अनाउंसमेंट की है। फिल्म पोचर का पोस्टर शेयर करते हुए उसके कैप्शन में लिखा गया है, सन्नाटे की गहराई में, जंगल की एक जानलेवा साजिश का पता चलता है और फिर पोचर (शिकारी) की तलाश शुरू हो जाती है। आलिया भट्ट सीरीज पोचर से बतौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर जुड़ चुकी हैं। एक नई अमेजन ऑरिजिनल क्राइम सीरीज, 23 फरवरी। बता दें कि सीरीज पोचर 5 भाषाओं, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयाली में रिलीज होगी। इसको दिल्ली क्राइम के डायरेक्टर रिची मेहता ने डायरेक्ट किया है। सीरीज में रोशन और निमिशा अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। आलिया ने 2022 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई डार्क कॉमेडी फिल्म डार्लिंग्स में लीड रोल निभाने के साथ-साथ फिल्म प्रोड्यूस भी की थी। ये बतौर प्रोड्यूसर आलिया की पहली फिल्म थी। इसके बाद आलिया ने फिल्म जिगरा भी प्रोड्यूस की है, जो इसी साल रिलीज होने वाली है। फिल्म में आलिया ही लीड रोल में हैं। इसके बाद अब पहली बार आलिया ने सीरीज प्रोड्यूस की है, जो बतौर प्रोड्यूसर उनका तीसरा प्रोजेक्ट है। बताते चलें कि आलिया भट्ट जल्द ही फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2- देव, जिगरा और संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर में बतौर लीड नजर आने वाली हैं।

डा. महेश शर्मा व पंकज सिंह ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

नोएडा (चेतना मंच)। सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने सांसद निधि द्वारा किये गये

कार्यों का शिलान्यास एवं मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़क का लोकार्पण किया। इस मौके पर नोएडा के विधायक पंकज सिंह भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों को चोटपुर कालोनी के परशुराम वाली गली में मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत इण्टरलॉकिन्ग मार्ग का लोकार्पण किया जिसकी अनुमानित लागत 85.35 लाख एवं अनुमानित लंबाई 620 मीटर का निर्माण कार्य जनता को समर्पित किया।

उसके उपरान्त लगभग 18 नये इण्टरलॉकिन्ग व नाली के निर्माण कार्यो को सांसद निधि योजना के माध्यम से शुभ आरंभ कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। जिसमें तिगडी कालोनी, छिजारसी कालोनी, चोटपुर कालोनी, युसूफपुर चकषाहबेरी, खाटू श्याम वाली गली, 25 फुटा रोड, सलारपुर षिवनगर कालोनी इत्यादि गलियों का षिलान्यास कर, जिनकी अनुमानित लागत 01 करोड़ 03 लाख व अनुमानित लंबाई 1.5 किलोमीटर तक रही, जो जनता के बीच समर्पित किया। उसके उपरान्त सुपरटेक ईको विलेज-2, ग्रेटर नोएडा एक्सटेंषन में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, सांसद प्रतिनिधि संदीप शर्मा, दीपक यादव विधायक प्रतिनिधि, रोहित ठाकुर, प्रमोद बहल, मण्डल अध्यक्ष निर्मल सिंह, डिम्पल आनंद, चंदगीराम यादव, मनोज उपाध्याय, बब्लू यादव, राकेष शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, रंजन, राजेष मास्टर, रवि यादव, ओमवीर अवाना, मुकेष चैहान मण्डल अध्यक्ष, लोकेष त्यागी, जैनेन्द्र चैरसिया, जितेन्द्र शर्मा, संगीता तिवारी, सुमित बैसोया, कमल जैन, दुष्यंत, गौरव पटेल संदीप गुर्जर, पंकज गुप्ता, निषांत शेखर, संदीप गुप्ता, निषु चैहान, संतोष झा, ममता तिवारी, आदि काफी संख्या में वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

तीसरी बार मोदी सरकार 400 पार : पंडित रविकांत मिश्रा

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित रविकांत मिश्रा ने 'गांव चलो अभियान' के तहत गेझा गांव में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 10 साल के कल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी तथा बताया कि जितने कल्याणकारी कार्य मोदी सरकार ने किए हैं आज तक किसी भी सरकार ने नहीं किए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीसरी बार भी मोदी सरकार बनेगी तथा सीट भी 400 के पार जाएगी।

कार्यक्रम दौरान उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं से संबंधित पत्रक भी बांटे। उनके साथ सार्थक प्रधान, पप्पू प्रधान, राजेंद्र शर्मा, सूरज महामंत्री अनुज चौधरी जेपी मॉडल पूर्व मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी विकास त्यागी समेत साइक्लोन ग्रामीण मौजूद थे।

पैकर्स एंड मूवर्स ने 48 दिन बाद भी नहीं पहुंचाई कार

नोएडा (चेतना मंच)। पैकर्स एंड मूवर्स डॉट कॉम के माध्यम से अपनी कार को असम भेजना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। 48 दिन बीतने के बाद भी पैकर्स एंड मूवर्स ने गाड़ी को असम नहीं पहुंचाया। पीड़ित ने इस संबंध में थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-100 लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी में रहने वाले रवगेन लोयिंग ने दर्ज शिकायत में बताया कि उन्होंने अपनी कार को नोएडा से गुवाहाटी (असम) भेजने के लिए डीटीसी पैकर्स एंड मूवर्स के माध्यम से राहुल मलिक नामक व्यक्ति से संपर्क किया था। कार भेजने के लिए उनसे 34500 का भुगतान गूगल पे के माध्यम से लिया गया। बीते 17 दिसंबर 2023 को जितेंद्र नाम के ड्राइवर ने उनकी कार को उनके सेक्टर-100 स्थित आवास से उठाया और 8 दिनों के भीतर असम पहुंचने का आश्वासन दिया। 48 दिन बीतने के बाद भी गाड़ी की डिलीवरी गंतव्य पर नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने राहुल मलिक से संपर्क किया लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

जाम से राहत के लिए उद्योग मार्ग बने नो पार्किंग जोन

नोएडा (चेतना मंच)। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम और पुलिस उपायुक्त यातायात को पत्र लिखकर उद्योग मार्ग को नो पार्किंग जोन बनाने की मांग की है।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा का कहना है कि नोएडा प्राधिकरण ने इस मार्ग पर जगह-जगह नो पार्किंग जोन और टो अवे जोन के बोर्ड लगाए गए थे, लेकिन प्राधिकरण और ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही से उद्योग मार्ग के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। उद्योग मार्ग पर कदम-कदम पर वाहनों के शोरूम हैं। वाहन शोरूम के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े होते हैं, जिससे जाम की समस्या बन जाती है। रोजाना लगने वाले जाम से निपटने के लिए उद्योग मार्ग पर संदीप पेपर मिल चौराहा बंद कर यातायात व्यवस्था को सिग्नल फ्री किया गया था, लेकिन शर्मा मार्केट के सामने नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों की वजह से चौराहे के आसपास जाम लगा रहता है। करीब 41 करोड़ रुपये खर्च करके प्राधिकरण ने सेक्टर-1 में पार्क के नीचे भूमिगत पार्किंग का निर्माण कराया है। 27 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-5 में पार्किंग का निर्माण कराया गया था।

सेक्टर-12 में गांव चलो अभियान के तहत पत्रक बांटे

नोएडा (चेतना मंच)। सरस्वती शिशु मंडल द्वारा सेक्टर-12 नोएडा बूथ संख्या 95 पर सभी से नमो एप एवं सरल अप डाउनलोड करवाया गया तथा बूथ की समीक्षा बैठक की गई।

पी ब्लॉक मार्केट सेक्टर-12 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए गए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को जागरुक किया गया तथा पत्रक वितरण किया गया। प्रवासी श्रीकांत ओझा को फीड बैक फार्म भरकर दिया गया।

इस दौरान प्रवासी श्रीकांत ओझा, शक्ति केंद्र प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट, शक्ति केंद्र संयोजक श्रीमती मधुबाला वैश्य, बूथ अध्यक्ष पुनीत शुक्ला, बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार, बूथ अध्यक्ष संजीव दास एवं कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

सेक्टर-34 निवासियों को विकास कार्यों से अवगत कराया

नोएडा (चेतना मंच)। बी-3 अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 में रविवार को आम सभा आयोजित की गई। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोसाइटी निवासियों को आम सभा में विकास कार्यों मुख्य रूप से मुख्य द्वार पर सन सैड, बायोमैट्रिक एंट्री गेट,चिल्ड्रन बस स्टॉप, सोसायटी के अंदर ओपन जिम, सोसाइटी को सीसीटीवी कैमरों से लैस करना, बैडमिंटन कोर्ट,फ्लैट नम्बर प्लैट,हाई मास्क लाइट,स्ट्रीट लाइट, बच्चों के झूले नोएडा में सर्वप्रथम एंटी लार्वा दवाई छिड़काव मशीन, स्वास्थ्य जांच कैंप्स, दिशा सूचक बोर्ड, फैसिलिटी बोर्ड, सोसाइटी मानचित्र बोर्ड, ब्लड ग्रुप डेटा बैंक, फायर उपकरण, बायो टॉयलेट,मुख्य द्वार की सजावट, मदर्स डे कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम नालियों की रिपेयरिंग एवं कवर करना, माता

की चौकी, गोवर्धन पूजा छठ पूजा,होली मिलन,करवा चौथ गणेश चतुर्थी पूजा, बिजली के पैनल बॉक्स को बदलना सफाई एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान आदि विकास कार्यों से अवगत कराया।

इस दौरान महासचिव प्रदीप सिंह उपाध्यक्ष पदमा नायडू कोषाध्यक्ष आर पी प्रजापति सह कोषाध्यक्ष आर पी वर्मा संयुक्त सचिव अजय श्रीवास्तव सविता केदार कुलदीप सिंह,अजय रस्तोगी आर पी सिंह,रणधीर कुमार, ज्योत्सनामयी आचार्य ,सुरेश बन्ने अमित रस्तोगी आदि सहित सैकड़ों निवासीगण उपस्थित रहे।

यूपी में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को ऐतिहासिक बनाना है : नरवाल

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा महानगर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पश्चिम जोन में आने वाले जनपद सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, संभल, मेरठ, बिजनौर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, गौतमबुद्धनगर के जिला/शहर अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी एवं एआईसीसी मेंबर की एक बैठक द ग्रैंड होटल नोएडा सेक्टर 121 नोएडा में सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सप्रभारी प्रदीप नरवाल शामिल हुए। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने प्रदीप नरवाल का पुष्पगुच्छ देकर नोएडा आगमन पर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदीप नरवाल ने पश्चिम यूपी के 14 जिलों के नेताओं को जिम्मेदारी देते हुआ कहा कि हम सबको मिलकर राहुल गांधी का 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को सफल बनाना है जिसके लिए हमे ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को यात्रा में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिस तरह से पूरे देश ने मिलकर अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर देश आज़ाद कराया था आज राहुल गांधी की यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा भाजपा सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने का काम करेगी। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' 16 फरवरी को यूपी पहंचेगी।

इस अवसर पर मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, पूर्व सचिव मुकेश यादव,महासचिव सुबोध शर्मा,महासचिव देव रंजन नागर, महासचिव सचिन चौधरी, महासचिव बिजेंद्र यादव,सचिव योगी जाटव, सचिव मिथुन त्यागी, महासचिव टुक्की मल खटिक, प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी फिरे सिंह नागर, महासचिव ओबीसी उर्मिला चौधरी, सचिव पुरुषोत्तम नागर, पीसीसी सदस्य सोनू प्रधान, पीसीसी सदस्य रिजवान चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक लियाकत, महानगर महासचिव जितेंद्र चौधरी, महानगर सचिव शाहिद सिद्दीकी, सदस्य चरण सिंह यादव, राम कुमार शर्मा, आर के प्रथम आदि लोग मौजूद रहे।

जेबीयू में मनाया वियतनामी नववर्ष का टेट उत्सव

नोएडा (चेतना मंच)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में वियतनामी नव वर्ष का टेट उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन वियतनामी छात्रों द्वारा उनके हॉस्टल के अंदर पांच विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई, वियतनामी छात्रों जो मुख्यत: भिक्षु एवं भिक्षुणियाँ है उनके द्वारा अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और रीति-रिवाजों का अनुसार मनाया। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने अपने मौजूदगी के साथ इस अवसर को गौरवान्वित किया जिन्होंने डॉ विवेक मिश्रा और बौद्ध अध्ययन के सभी संकाय सदस्यों के साथ इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उनकी उपस्थिति विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र समुदाय में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के आयोजन को प्रेरित करेगी।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को वियतनामी व्यंजन प्रस्तुत किया गया, जिससे उन्हें वियतनाम के स्वाद का आनंद लेने का मौका मिला।

भोजन के साथ-साथ, प्रायोगिकता में वियतनामी संस्कृति का विविध वस्त्र, परंपरागत रीति-रिवाज और बुद्ध मूर्ति के सामने अगरबत्ती जलाने की परंपराएं उत्सवी वातावरण को और भी आनंदमय बनाती थीं।

उत्सव के दौरान, डॉ विश्वास त्रिपाठी और अन्य महानुभाव ने वियतनामी छात्रों को अपनी गरिमा और प्रेम के लिए शुभकामनाएं दीं, जिनमें उन्होंने उनके उत्सव को आयोजित करने की समर्पणशीलता और जोश की सराहना की। उनके प्रोत्साहन और समर्थन के शब्द छात्रों के दिलों में गहरी छाप छोड़े, जो उनके विश्वविद्यालय समुदाय में आत्मसात करते हैं और मूल्यांकन करते हैं।